1936 सत्य · सार्थक · सदैव

# हिन्दुस्तान जॉब्स

हिन्दुस्तान अखबार का रोजगार साप्ताहिक

**खास मौके** | एसआई 520 | मत्स्य प्रसार अधिकारी 231 | कांस्टेबल 126 | वारंट अधिकारी 124

हर सोमवार हिन्दुस्तान के साथ निःशुल्क

## झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने युवाओं से ऑनलाइन आवेदन मांगे



# झारखंड में शिक्षकों की 7299 बंपर भर्तियां

### पावर जॉब

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने इंटरमीडिएट और स्नातक प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों की बंपर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके तहत शिक्षकों के 7299 पद भरे जाएंगे। इनमें 6101 नियमित और 1198 बैकलॉग के पद शामिल हैं। आरक्षण का लाभ झारखंड के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन के पात्र होंगे। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्तूबर 2026 है।

-अधिक जानकारी के लिए देखें... P03

### हॉट जॉब

**3500** पेज 02

अप्रेंटिस केनरा बैंक

**शानदार मौका 05**
बिहार में पशु चिकित्सा अधिकारी के 787 पदों पर नियुक्तियां होंगी

**स्मार्ट तैयारी 06**
सामान्य ज्ञान पर मजबूत पकड़ बनाकर बिहार में शिक्षक बनें

**स्मार्ट टिप्स 07**
किताबों के साथ डिजिटल पढ़ाई से आसान हुई परीक्षा की तैयारी

कन्टेंट पार्टनर
shine.com
www.shine.com

## अपनी नौकरी खुद चुनें


| | |
|---|---|
| मैट्रिक/आईटीआई/डिप्लोमा | 2,3,4,5,8,11 |
| इंटरमीडिएट/12वीं | 3,4,5,8,11 |
| ग्रेजुएट | 2,3,4,5,8,9,10,11 |
| पोस्ट ग्रेजुएट | 2,3,4,5,8,9,10 |
| इंजीनियरिंग | 4,8,9,10 |
| एमबीए/मेडिकल/पीएचडी | 2,3,5,10 |
| विविध | 2,3,4,5,8,9,10,11 |


### जॉब्स गाइड : P12

- बिहार में शिक्षकों की 32,388 रिक्तियां
- सहायक अध्यापक के 12405 पदों पर मौके
- एमपी में कांस्टेबल की 7500 भर्तियां होंगी
- एलडीसी समेत 2536 पदों पर बंपर अवसर
- यूपी में प्रवक्ता के 2607 पदों पर नियुक्तियां
- असिस्टेंट प्रोफेसर के 1936 पदों पर अवसर
- राजस्थान को चाहिए 600 मेडिकल ऑफिसर
- इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के लिए फॉर्म भरें
- सर्वोच्च न्यायालय में 250 पद भरे जाएंगे

# केनरा बैंक को 3500 अप्रेंटिस चाहिए

केनरा बैंक ने ग्रेजुएट अप्रेंटिस के 3500 पदों पर बंपर भर्तियां करने की अधिसूचना जारी की है। चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये भर्तियां दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड समेत अन्य राज्यों में की जाएंगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर 2026 है। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

**केनरा बैंक**

**ध्यान दें**

**3500 पद**

- आवेदन शुल्क : 500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 17 अक्तूबर 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : https://canarabank.bank.in/
- अप्रेंटिसशिप रजिस्ट्रेशन पोर्टल : https://nats.education.gov.in

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस, कुल पद : 3500

**(राज्य के अनुसार रिक्तियों का विवरण)**

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | पद : 409 |
| बिहार | पद : 122 |
| झारखंड | पद : 74 |
| दिल्ली | पद : 93 |
| चंडीगढ़ | पद : 06 |
| उत्तराखंड | पद : 48 |
| हरियाणा | पद : 114 |
| हिमाचल प्रदेश | पद : 23 |
| मध्य प्रदेश | पद : 110 |
| पंजाब | पद : 96 |
| राजस्थान | पद : 96 |
| छत्तीसगढ़ | पद : 39 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | पद : 04 |
| आंध्र प्रदेश | पद : 247 |
| अरुणाचल प्रदेश | पद : 05 |
| असम | पद : 42 |
| दादरा और नगर हवेली | पद : 01 |
| दमन और दीव | पद : 01 |
| गोवा | पद : 25 |
| गुजरात | पद : 89 |
| जम्मू और कश्मीर | पद : 16 |
| कर्नाटक | पद : 581 |
| केरल | पद : 240 |
| लद्दाख | पद : 01 |
| लक्षद्वीप | पद : 04 |
| महाराष्ट्र | पद : 205 |
| मणिपुर | पद : 03 |
| मेघालय | पद : 05 |
| मिजोरम | पद : 02 |
| नगालैंड | पद : 04 |
| ओडिशा | पद : 104 |
| पुडुचेरी | पद : 04 |
| सिक्किम | पद : 04 |
| तमिलनाडु | पद : 391 |
| तेलंगाना | पद : 134 |
| त्रिपुरा | पद : 08 |
| पश्चिम बंगाल | पद : 150 |

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो। जिस राज्य के लिए आवेदन करें, वहां की स्थानीय भाषा का ज्ञान हो।

**स्टाइपेंड :** 16,650 रुपये।

## आयु सीमा

- न्यूनतम 20 और अधिकतम 28 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 01 सितंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता, स्थानीय भाषा परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**जरूरी सूचना :** 10वीं/12वीं में स्थानीय भाषा के अध्ययन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वालों को भाषा परीक्षा नहीं देनी होगी।

## आवेदन शुल्क

- 500 रुपये। शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग या यूपीआई के जरिए ऑनलाइन करना होगा।
- एससी/एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- केनरा बैंक की वेबसाइट (https://canarabank.bank.in) पर जाएं। होमपेज पर सबसे नीचे जाकर QUICK ACCESS के सेक्शन में Career पर क्लिक करें। अगले पेज पर Recruitment के नीचे Know More पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर Engagement of Graduate Apprentices in Canara Bank under Apprentices Act, 1961 for FY 2026-27 विज्ञापन पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर Click Here to Download English Version पर क्लिक करें। नए पेज पर विज्ञापन की पीडीएफ खुल जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को एनएटीएस पोर्टल पर अप्रेंटिसशिप के लिए पंजीकरण करना होगा। इसके लिए (https://nats.education.gov.in/) पर जाएं।
- होमपेज पर Student के अंदर General Student के सेक्शन में Student Registration पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर Enroll Student के नीचे Do you have above data to Enroll? के Yes पर टिक लगा दें। मोबाइल नंबर और ई-मेल दर्जकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर लें।
- जहां से नोटिफिकेशन डाउनलोड किया था, उस पेज पर आएं और Click here to Apply Online पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर Click here for New Registration पर क्लिक करें। नए पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। यहां पर सात भाग नजर आएंगे।
- सभी भागों में मांगी गई जानकारी को ध्यान पूर्वक भरकर दिए गए निर्देशों के अनुसार आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर लें।

# एक्जिम बैंक में 12 पदों पर नियुक्तियां होंगी

एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एक्जिम बैंक) ने बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर के 12 पदों पर भर्ती निकाली है। नियुक्ति अनुबंध के आधार पर तीन वर्ष के लिए होगी, जिसे दो वर्ष और बढ़ाया जा सकता है। योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना रिज्यूमे ई-मेल के माध्यम से भेजकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर 2026 है।

### बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, कुल पद : 12

**योग्यता :** 55 फीसदी अंकों के साथ मार्केटिंग या फाइनेंस में स्नातकोत्तर की डिग्री हो। एमबीए को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 14.68 लाख रुपये वार्षिक।

**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 31 अगस्त 2026 को आधार मानकर की जाएगी। अधिकतम आयु में सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन होगा। अभ्यर्थियों की संख्या होने पर स्नातकोत्तर परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- एग्जिम बैंक की वेबसाइट पर (www.eximbankindia.in) जाएं। सुविधानुसार हिंदी या इंग्लिश भाषा का चयन करें।
- अगले पेज पर नीचे स्क्रॉल करते हुए आएं यहां करियर के विकल्प पर क्लिक कर दें। यहां Current Openings/Results पर क्लिक करें।
- नये पेज पर भर्ती से संबंधित कई विज्ञापन दिखाई देंगे इनमें से Recruitment of Business Development Officers on Contract पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर विज्ञापन खुल जाएगा। नोटिफिकेशन को अच्छी तरह पढ़कर अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- नोटिफिकेशन सबसे नीचे रिज्यूमे का प्रारूप दिया गया है। इसके आधार पर बायोडाटा तैयार करें और संस्थान की ईमेल आईडी पर भेज दें।
- ईमेल के सब्जेक्ट में BDO Application: Mr./Ms. (अपना नाम) अवश्य लिखें।

# एलएलबी पास युवा रेलवे में एडवोकेट के 33 पदों पर ईमेल से आवेदन भेजें

सेंट्रल रेलवे ने रेलवे एडवोकेट के 33 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर जाकर अपनी पात्रता सुनिश्चित करें और आवेदन फॉर्म को डाउनलोड कर उसे भरकर दस्तावेजों के साथ स्कैन कर निर्धारित ईमेल आईडी पर भेज दें। ईमेल से आवेदन स्वीकार होने की अंतिम तिथि 23 अक्तूबर 2026 है।

### रेलवे एडवोकेट, कुल पद : 33

**(न्यायालयों के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| अलीबाग | पद : 01 |
| अहमदनगर | पद : 02 |
| अंबेजोगाई | पद : 02 |
| आमला | पद : 02 |
| बीड | पद : 03 |
| बैतूल | पद : 02 |
| चंद्रपुर | पद : 01 |
| हिंगोली | पद : 01 |
| जुन्नारदेव | पद : 01 |
| कल्याण | पद : 01 |
| कलबुर्गी | पद : 01 |
| लातूर | पद : 04 |
| माणगांव | पद : 02 |
| माजलगांव | पद : 03 |
| पनवेल | पद : 01 |
| श्रीगोंदा | पद : 02 |
| ठाणे | पद : 02 |
| वडगांव | पद : 02 |

**योग्यता :** एलएलबी की डिग्री हो। अधिवक्ता के रूप में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतन :** तय मानकों के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** तय मानकों के अनुसार।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन होगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- सेंट्रल रेलवे की वेबसाइट (cr.indianrailways.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर Empanelment of Railway Advocates over Central Railway for District and Subordinate Courts के लिंक पर क्लिक करें।
- नए पेज पर विज्ञापन खुल जाएगा। इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांचकर लें।
- इसी पीडीएफ में आवेदन पत्र का प्रारूप होगा। इसका ए4 साइज के पेपर पर प्रिंटआउट निकाल लें। इसमें मांगी गई जानकारी दर्ज करें। अब आवेदन फॉर्म और दस्तावेजों को स्कैन कर संस्थान की निर्धारित ईमेल आईडी पर भेज दें।

### इस ईमेल पर भेजें फॉर्म

**ईमेल आईडी :** lawsectiongm@cr.railnet.gov.in.

# नौसेना पोत मरम्मत यार्ड में 50 पदों पर अप्रेंटिसशिप करने का अवसर

रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले नौसेना पोत मरम्मत यार्ड (एनएसआरवाई), श्री विजयपुरम ने एक वर्षीय टेक्निशियन अप्रेंटिस (आईटी-03 बैच) में नामांकन के लिए 50 पदों पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अक्तूबर 2026 है।

### अप्रेंटिस, कुल पद : 50

**(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**

| | |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | पद : 08 |
| फिटर | पद : 08 |
| इन्फॉर्मेशन एंड कम्यु. टेक्नो. सिस्टम मेंटेनेंस | पद : 05 |
| इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक | पद : 02 |
| मशीनिस्ट | पद : 02 |
| मेकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एसी | पद : 03 |
| मैकेनिक (डीजल) | पद : 05 |
| प्रोग्रामिंग एंड सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन असिस्टेंट | पद : 02 |
| पाइप फिटर | पद : 03 |
| शिपराइट (लकड़ी) | पद : 06 |
| वेल्डर (गैस और इलेक्ट्रिक) | पद : 05 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिक | पद : 02 |
| शीट मेटल वर्कर | पद : 02 |

**योग्यता :** संबंधित ट्रेड में आईटीआई पास हो।

**स्टाइपेंड :** संस्थान के नियमानुसार देय होगा।

## आयु सीमा

- न्यूनतम 18 वर्ष या उससे अधिक हो। आयु सीमा की गणना अप्रेंटिसशिप शुरू होने के एक दिन पहले की तिथि से होगी। अप्रेंटिसशिप 01 दिसंबर 2026 से शुरू हो सकती है।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंकों की मेरिट सूची और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर चयन होगा। उम्मीदवारों को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र भी जमा करना होगा।

**आवेदन शुल्क :** कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- नौसेना पोत मरम्मत यार्ड की आधिकारिक वेबसाइट (https://apprenticeship.recttindia.in) पर जाएं।
- होम पेज पर 'Advertisment' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और पात्रता सुनिश्चित कर लें।
- अब पिछले पेज पर वापस आएं और 'Candidate Registration' पर क्लिक कर रजिस्ट्रेशन कर लें।
- अब 'Candidate Login' के सेक्शन में मोबाइल नंबर, पासवर्ड और कैप्चा कोड भरकर लॉगइन कर लें।
- नए पेज पर आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। यहां मांगी गई सभी जानकारी को भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# सहायक शिक्षकों की 7299 बंपर भर्तियां

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने झारखंड प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (पारा कोटि) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2026 के लिए विज्ञापन जारी किए हैं। इनके तहत कुल 7299 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इनमें 6101 नियमित और 1198 बैकलॉग पद शामिल हैं। आरक्षण का लाभ झारखंड के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन के पात्र होंगे। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्तूबर 2026 है। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

**इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (कक्षा-1 से 5), पद : 2756 (बैकलॉग : 847)**

**योग्यता :** 12वीं या समकक्ष परीक्षा पास हो। प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा/बीएलएड/विशेष शिक्षा में डिप्लोमा या समकक्ष शिक्षक प्रशिक्षण योग्यता हो। साथ ही झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी) पास हो।

- सीटीईटी या अन्य राज्यों की टीईटी परीक्षा पास उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों के चयन के बाद तीन वर्ष के अंदर जेटीईटी की परीक्षा पास करनी होगी।

**वेतनमान :** 25,500 से 81,100 रुपये।

**स्नातक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक (कक्षा 6 से 8), कुल पद : 4543 (बैकलॉग : 351)**

**(विषय के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- भाषा ज्ञान — पद : 1887 (बैकलॉग : 19)

**योग्यता :** हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संथाली, बांग्ला, मुंडारी, खड़िया, कुड़ुख, कुरमाली, खोरठा, नागपुरी, पंचपरगनिया, उड़िया या संस्कृत भाषा में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री हो।

- सामाजिक विज्ञान — पद : 908 (बैकलॉग : 248)

**योग्यता :** कला, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य या प्रबंधन में स्नातक की डिग्री हो या समकक्ष योग्यता हो।

- विज्ञान एवं गणित — पद : 1748 (बैकलॉग : 84)

**योग्यता :** विज्ञान/इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी/शिक्षा या गणित विषय में स्नातक की डिग्री हो। 12वीं में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान या जीव विज्ञान में से कम से कम दो विषय पढ़े हो।

**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएससीसी)**

**ध्यान दें**
**7299 पद**

- **आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। झारखंड राज्य के एससी/ एसटी वर्ग के लिए 50 रुपये एवं दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 18 अक्तूबर 2026
- **आधिकारिक वेबसाइट :** https://jssc.jharkhand.gov.in/
- **ई-मेल आईडी :** jharkhand_ssc@rediffmail.com

- स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पदों पर आवेदन करने के लिए बीएड या समकक्ष परीक्षा पास होना जरूरी है। साथ ही झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी) पास हो।
- सीटीईटी या अन्य राज्यों की टीईटी परीक्षा पास उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों के चयन के बाद तीन वर्ष के अंदर जेटीईटी की परीक्षा पास करनी होगी।

**वेतनमान :** 29,200 से 92,300 रुपये।

## आयु सीमा

- न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 01 अगस्त 2026 से की जाएगी।
- अधिकतम आयु सीमा में झारखंड के पिछड़ा वर्ग/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग को दो वर्ष, महिलाओं को तीन वर्ष, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग को पांच वर्ष और दिव्यांगों को दस वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- लिखित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

## आवेदन शुल्क

- 100 रुपये। झारखंड राज्य के एससी/ एसटी वर्ग के लिए 50 रुपये एवं दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ कैश कार्ड/ मोबाइल वॉलेट या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (https://jssc.jharkhand.gov.in/) पर जाएं।
- होमपेज पर बायीं ओर 'Application Forms (Apply)' का पर क्लिक करें। अब Online Application for JTAACCE-2026 (Para Teacher) के आगे Apply Now पर क्लिक कर ओके पर क्लिक करें।
- आवेदन से संबंधित पेज खुल जाएगा। यहां New Registration पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर Notices के नीचे नियमित और बैकलॉग भर्ती के नोटिफिकेशन दिए गए हैं। भर्ती की अधिक जानकारी के लिए संबंधित नोटिफिकेशन पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। इसे ध्यान पूर्वक पढ़कर अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करना होगा, इसके लिए New Registration पर क्लिक करें।
- नए पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। यहां नाम, जन्मतिथि, ई-मेल और मोबाइल नंबर समेत मांगी गई अन्य जानकारी दर्ज करें।
- अब कैप्चा भरकर Register Now पर क्लिक करें। इसके साथ ही आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।
- अब पिछले पेज पर वापस आएं। यहां 'Candidate Login' के नीचे रजिस्ट्रेशन नंबर, पासवर्ड और कैप्चा भरकर लॉगइन करें।
- अब नए पेज पर आवेदन-पत्र खुल जाएगा। आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी को एक-एक कर दर्ज करें।
- अब पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर और मांगे दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें।
- निर्देशानुसार शुल्क का भुगतान करें और अंत में आवेदन-पत्र को एक बार अच्छी तरह से जांचकर सबमिट कर दें। आपकी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।
- आवेदन-पत्र को सबमिट करने से पहले उसका एक प्रिंट निकालकर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।

# वैज्ञानिक सहायक के छह पदों पर मौके

बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) ने वैज्ञानिक सहायक के छह पदों पर आवेदन मांगे हैं। ये नियुक्तियां बिहार के स्वास्थ्य विभाग में की जाएंगी। आरक्षण का लाभ बिहार के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 अक्तूबर 2026 है।

**वैज्ञानिक सहायक, पद : 06**

**योग्यता :** रसायन विज्ञान में बीएससी या बीफार्मा की डिग्री हो। दवाइयों की जांच-विश्लेषण का एक वर्ष का अनुभव हो।

**वेतनमान :** वेतन स्तर-5 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 21 और अधिकतम 37 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 01 अगस्त 2026 से की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा और कार्यानुभव के आधार पर चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- बिहार तकनीकी सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (https://btsc.bihar.gov.in) पर लॉगइन करें। होमपेज पर 'Recruitments' पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से Advertisement for regular appointment to the post of SCIENTIFIC ASSISTANT नोटिफिकेशन के आगे Advertisement पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और संबंधित नोटिफिकेशन के आगे 'Apply Online' लिंक पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर Online Application सेक्शन में Candidate Registration पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर SCIENTIFIC ASSISTANT के आगे 'अप्लाई' पर क्लिक करें। अब नीचे रजिस्ट्रेशन पर क्लिक कर निर्देशानुसार आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# असिस्टेंट प्रोफेसर के पांच पद भरे जाएंगे

हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पांच पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्तियां राज्य के उच्च शिक्षा विभाग में एंथ्रोपोलॉजी विषय के लिए की जाएंगी। आरक्षण का लाभ हिमाचल प्रदेश के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

**असिस्टेंट प्रोफेसर (एंथ्रोपोलॉजी), कुल पद : 05**

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हो। उम्मीदवार नेट पास हो या पीएचडी की डिग्री हो।

**वेतनमान :** 35,000 रुपये।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 और अधिकतम 45 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2026 को आधार मानकर की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा में हिमाचल प्रदेश के आरक्षित वर्गों को पांच वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** सभी वर्ग, लिंग और श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 600 रुपये शुल्क देय होगा। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://hppsc.hp.gov.in

# पीजीटी समेत 76 पदों पर डाक से आवेदन पत्र भेजें

बदायूं के कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 76 पदों भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत पीजीटी, चपरासी, चौकीदार समेत अन्य पद भरे जाएंगे। केवल महिला उम्मीदवार ही आवेदन की पात्र हैं। योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर भरें और इसे मांगे गए दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से संस्थान के तय पते पर भेज दें। डाक से आवेदन स्वीकार होने की अंतिम तिथि 10 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

- पीजीटी — कुल पद : 05

**विषय के अनुसार रिक्त पद :** हिंदी (01 पद), गणित (01 पद), रसायन विज्ञान (01 पद), भौतिक विज्ञान (01 पद), कंप्यूटर विज्ञान (01 पद)

**योग्यता (पदानुसार) :** संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हो या समकक्ष योग्यता हो। कंप्यूटर विज्ञान के पद पर बीई/बीटेक/एमटेक वाले भी आवेदन कर सकते हैं।

**वेतनमान :** 22,000 रुपये।

- लैब असिस्टेंट — पद : 14

**योग्यता :** विज्ञान विषय के साथ 10वीं पास हो। साथ ही लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा हो। या विज्ञान विषय से 12वीं पास हो।

**वेतनमान :** 7,147 रुपये।

- कार्यालय अधीक्षक/लिपिक — पद : 01

**योग्यता :** 12वीं पास हो। 10वीं या 12वीं में कंप्यूटर विज्ञान विषय पढ़ा हो या कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा/डिग्री हो या कंप्यूटर में सीसीसी का प्रमाण पत्र हो। कंप्यूटर पर हिंदी में 25 शब्द और अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति हो।

**वेतनमान :** 12,430 रुपये।

- पूर्ण कालिक शिक्षिका — कुल पद : 09

**विषय के अनुसार रिक्त पद :** हिंदी एवं संस्कृत (01 पद), अंग्रेजी (02 पद), गणित (03 पद), सामाजिक विषय (02 पद), विज्ञान (01 पद)

**योग्यता :** पदानुसार संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री के साथ बीएड पास हो। उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर की टीईटी परीक्षा पास हो।

**वेतनमान :** 25,410 रुपये।

- अंश कालिक शिक्षिका — कुल पद : 11

**विषय के अनुसार रिक्तियां :** कंप्यूटर (04 पद), कला, क्राफ्ट एवं संगीत (04 पद), खेल एवं शारीरिक शिक्षा (03 पद)

**योग्यता :** कंप्यूटर विज्ञान के लिए स्नातक की डिग्री के साथ बीएड हो। या कंप्यूटर विज्ञान में बीएससी या ओ लेवल का सर्टिफिकेट हो। कला, क्राफ्ट एवं संगीत के पद के लिए संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री हो। शारीरिक शिक्षा पद के लिए बीपीएड/सीपीएड या डीपीएड पास हो।

**वेतनमान :** 12,790 रुपये।

- लेखाकार — पद : 01

**योग्यता :** वाणिज्य में स्नातक की डिग्री हो और एमएस ऑफिस पर काम करना आता हो।

**वेतनमान :** 14,357 रुपये।

- केयरटेकर — पद : 01

**योग्यता :** स्नातकोत्तर की डिग्री के साथ बीएड पास हो।

**वेतनमान :** 24,200 रुपये।

- प्रधान रसोईया — पद : 03
- सहायक रसोईया — पद : 15
- चपरासी — पद : 07
- चौकीदार — पद : 09

**योग्यता (उपरोक्त चार पद) :** आठवीं पास हो।

**वेतनमान :** 7,147 रुपये। मुख्य रसोईया को 9,006 रुपये और सहायक रसोईया को 6,433 देय होगा।

## आयु सीमा

- सभी पदों पर न्यूनतम 25 और अधिकतम 45 वर्ष से कम हो। सभी पदों पर आयु सीमा की गणना 01 अप्रैल 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाएगी। मेरिट सूची के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।
- रसोइया, चपरासी, और चौकीदार के पदों पर साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। हालांकि, अपना पता लिखे हुए दो लिफाफे भेजने होंगे, जिस पर 45 रुपये के डाक टिकट लगे हों।

- **आधिकारिक वेबसाइट :** https://budaun.nic.in/

**इस पते पर भेजें आवेदन :** कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं, निकट पुलिस लाइन चौराहा, पिन 243601

# असम राइफल्स में 354 पदों पर फॉर्म भरने का मौका

असम राइफल्स, शिलॉन्ग ने टेक्निकल और ट्रेड्समैन भर्ती रैली-2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 354 टेक्निकल और ट्रेड्समैन पदों को भरा जाएगा। इनमें वारंट ऑफिसर, राइफलमैन और हवलदार के पद शामिल हैं। यह भर्ती केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार असम राइफल्स की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

**असम राइफल्स, शिलॉन्ग**

**ध्यान दें**

**354 पद**

- आवेदन शुल्क : 100 रुपये देय होगा। एससी/एसटी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 28 अक्तूबर 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : www.assamrifles.gov.in/
- फोन नंबर : 0364-2585118, 0364-2585119

## असम राइफल्स ग्रुप सी भर्ती, कुल पद : 354

**(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**

### वारंट ऑफिसर (सिफर), पद : 124

**योग्यता :** भौतिक विज्ञान, गणित और अंग्रेजी के साथ 12वीं पास हो। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग/कंप्यूटर साइंस/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग या इंस्ट्रूमेंटल टेक्नोलॉजी में दो वर्षीय आईटीआई हो या समकक्ष योग्यता हो।

### वारंट ऑफिसर (ड्राफ्ट्समैन), पद :02

**योग्यता:** 12वीं पास हो। मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक/संस्थान से आर्किटेक्चरल असिस्टेंटशिप में तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

### वारंट ऑफिसर (ऑपरेशन थिएटर टेक्निशियन), पद :01

**योग्यता:** 12वीं पास हो। मान्यता प्राप्त संस्थान/अस्पताल से ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन में न्यूनतम दो वर्ष का डिप्लोमा और कम से कम 50 बिस्तरों वाले अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के रूप में एक वर्ष का कार्य अनुभव हो।

### वारंट ऑफिसर (फिजियोथेरेपिस्ट), पद :02

**योग्यता:** 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। मान्यता प्राप्त संस्थान/अस्पताल से फिजियोथेरेपी में न्यूनतम दो वर्ष का डिप्लोमा हो। साथ ही अभ्यर्थी के पास कम से कम 50 बिस्तरों वाले अस्पताल या फिजियोथेरेपी केंद्र में एक वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

**आयु सीमा (उपरोक्त वारंट ऑफिसर पद):** न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 25 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### राइफलमैन (इलेक्ट्रिकल फिटर सिग्नल), पद :32

**योग्यता:** 10वीं पास हो। संबंधित ट्रेड में आईटीआई से न्यूनतम दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रिकल पावर डिस्ट्रीब्यूशन/ इलेक्ट्रीशियन/ में दो या तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (लाइनमैन फील्ड), पद :21

**योग्यता:** 10वीं पास हो। संबंधित ट्रेड में आईटीआई से न्यूनतम 2 वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रीशियन/ फाइबर टू होम टेक्नोलॉजी या ओएफसी टेक्नोलॉजी में में दो या तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (आर्मरर), पद :29

**योग्यता:** 10वीं पास और मान्यता प्राप्त संस्थान से वेल्डिंग ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र हो।

### राइफलमैन (इंजीनियर इक्विपमेंट मैकेनिक), पद :10

**योग्यता:** 10वीं पास और इंजीनियर इक्विपमेंट मैकेनिक, पावर इलेक्ट्रिक सिस्टम या मैकेनिक डीजल में दो या तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (रिकवरी व्हीकल मैकेनिक), पद :13

**योग्यता:** 10वीं पास हो। रिकवरी व्हीकल मैकेनिक ट्रेड में दो वर्ष का आईटीआई प्रमाणपत्र और भारी मोटर वाहन/परिवहन वाहन ड्राइविंग लाइसेंस हो।

### राइफलमैन (इलेक्ट्रिशियन मोटर व्हीकल), पद :22

**योग्यता:** 10वीं पास और संबंधित ट्रेड में आईटीआई से न्यूनतम दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या इलेक्ट्रीशियन/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/पावर इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन सिस्टम आदि में 2 या 3 वर्ष का डिप्लोमा हो।

### हवलदार (इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक), पद :06

**योग्यता :** 10वीं पास और इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक/ इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक या संबंधित टेक्नोलॉजी में आईटीआई से दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या दो या दो वर्ष का डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (मेटलस्मिथ), पद :19

**योग्यता :** 10वीं पास और मेटलस्मिथ या मेटलर्जी में आईटीआई से दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या दो या तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (अपहोल्स्टर), पद :03

**योग्यता :** 10वीं पास हो। अपहोल्स्टर ट्रेड में आईटीआई से दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या संबंधित डिप्लोमा होना चाहिए।

### राइफलमैन स्टोर कीपर टेक्निकल (ईएमई), पद :16

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास हो।

### राइफलमैन (व्हीकल मैकेनिक), पद :23

**योग्यता:** 10वीं पास हो। संबंधित ट्रेड में आईटीआई से न्यूनतम दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या मैकेनिक मोटर व्हीकल/ मैकेनिक डीजल/ फिटर/ मैकेनिकल इंजीनियरिंग टेक्निकल या ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग आदि में दो या तीन वर्ष का डिप्लोमा होना चाहिए।

### राइफलमैन (वेल्डर), पद :02

**योग्यता:** 10वीं पास हो। वेल्डर या मेटलर्जी में आईटीआई से दो वर्ष का तकनीकी प्रशिक्षण या संबंधित डिप्लोमा हो।

### राइफलमैन (मेसन), पद :29

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास हो। ट्रेड टेस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। संबंधित ट्रेड में कम से कम एक वर्ष के कार्य अनुभव का स्व-प्रमाणपत्र या शपथपत्र होना चाहिए।

**वेतनमान :** असम राइफल्स के कार्मिकों नियमों के अनुसार वेतन देय होगा।

**आयु सीमा (उपरोक्त सभी पद) :** न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 23 वर्ष से कम हो।

- आयु सीमा की गणना 01 जुलाई 2026 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष और ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।

## चयन प्रक्रिया

- शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये देय होगा। एससी/एसटी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं। भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले असम राइफल्स की आधिकारिक वेबसाइट (https://assamrifles.gov.in/) पर जाएं। होम पेज पर Latest Notifications / Recruitment पर क्लिक करें।
- नए पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से ADVERTISEMENT FOR ASSAM RIFLES TECHNICAL AND TRADESMAN RECRUITMENT RALLY 2026 पर क्लिक करें।
- नए पेज पर विज्ञापन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। अब इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- पात्र होने पर होम पेज पर वापस आएं। नीचे की ओर नीली पट्टी में Join Assam Rifles पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर ONLINE APPLICATION के विकल्प को चुनें। नए पेज पर भर्ती से संबंधित आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- इसमें अपने राज्य और ट्रेड का चयन कर i agree पर क्लिक करें। नए पेज पर मांगी गई जानकारी भरकर निर्देशानुसार आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।
- अब कंप्यूटर स्क्रीन पर फॉर्म प्रदर्शित हो जाएगा। इसके दो प्रिंटआउट निकाल लें। एक प्रिंटआउट सिलेक्शन सेंटर पर अपने साथ लेकर जाएं और दूसरा प्रिंटआउट अपने पास संभालकर रखें।

# भोपाल में नर्सिंग ऑफिसर समेत 66 पद भरे जाएंगे

भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) ने ग्रुप बी और ग्रुप सी के 66 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत नर्सिंग ऑफिसर, ट्यूटर, टेक्निशियन, पर्सनल असिस्टेंट, मेडिकल अटेंडेंट, इंजीनियर, फार्मासिस्ट समेत कई पद भरे जाएंगे। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

## ग्रुप बी, कुल पद : 31

**(विभाग के अनुसार रिक्तियां)**

- इंजीनियर (सिविल) पद : 01
- ट्यूटर (नर्सिंग कॉलेज) पद : 05
- नर्सिंग ऑफिसर पद : 14
- मेडिकल रिकॉर्ड ऑफिसर पद : 01
- असिस्टेंट अकाउंट्स ऑफिसर पद : 02
- वार्डन पद : 01
- परफ्यूजनिस्ट ग्रेड-II पद : 01
- डाइटिशियन पद : 01
- साइकियाट्री टेक्निशियन पद : 01
- मेडिकल सोशल वर्कर पद : 03
- असिस्टेंट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर पद : 01

## ग्रुप सी, कुल पद : 35

- टेक्नीशियन (नॉन-मेडिकल) पद :02
- टेक्निशियन (मेडिकल) पद :16
- फार्मासिस्ट पद :01
- स्टोर इंचार्ज पद :01
- स्टोर कीपर पद :01
- पर्सनल असिस्टेंट पद :07
- अटेंडेंट (मेडिकल) पद :06
- इन्सिनरेटर ऑपरेटर पद :01

**योग्यता (पदानुसार) :** संबंधित विषय में बीई/बीटेक/ बीएससी/स्नातक/एमएससी की डिग्री हो या समकक्ष योग्यता के साथ डिप्लोमा।

- डिग्री धारकों को एक वर्ष और डिप्लोमा धारकों को पदानुसार दो से तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
- टेक्निशियन के पद पर बीएससी या 12वीं विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होने के साथ संबंधित डिप्लोमा और दो वर्ष का अनुभव हो।
- फार्मासिस्ट के लिए फार्मेसी में 2 वर्षीय डिप्लोमा और स्टेट फार्मेसी काउंसिल में पंजीकरण होना चाहिए।
- अटेंडेंट (मेडिकल) के लिए विज्ञान वर्ग से 12वीं पास और इन्सिनरेटर ऑपरेटर के लिए 10वीं पास होना चाहिए।

**वेतन (पदानुसार) :** 19,900 से 1,42,400 रुपये देय होगा।

**आयु सीमा :** ग्रुप बी के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष और ग्रुप सी के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष होनी चाहिए। आयु सीमा की गणना 16 अक्तूबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

- अधिकतम आयु सीमा में एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। पर्सनल असिस्टेंट पद के लिए स्किल टेस्ट भी लिया जाएगा।

## आवेदन शुल्क

- 590 रुपये देय होगा। एससी/एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

## आवेदन प्रक्रिया

- भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) की आधिकारिक वेबसाइट (https://bmhrc.ac.in/) पर जाएं करें।
- होमपेज पर Recruitment में Apply Online पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर Apply Online new का विकल्प चुनें। नए पेज पर To read Advertisement - Click here पर क्लिक करें। नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और To Register पर क्लिक करें। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर लें। इससे मोबाइल पर रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्राप्त हो जाएगा।
- लॉगिन करने के बाद नए पेज पर आवेदन पत्र खुलेगा यहां मांगी गई जानकारी भरकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

# स्काउट्स एंड गाइड्स कोटे से 17 पदों पर भर्ती

दक्षिणी रेलवे ने स्काउट्स एंड गाइड्स कोटा के तहत 17 पदों पर आवेदन मांगे हैं। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी दक्षिणी रेलवे की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 अक्तूबर 2026 है।

- दक्षिणी रेलवे (लेवल-2) पद : 02
- इंटीग्रल कोच फैक्टरी (लेवल-2) पद : 01

**योग्यता (उक्त सभी पद):** न्यूनतम 50 फीसदी अंकों के साथ 12वीं पास हो या समकक्ष योग्यता हो।

- 10वीं पास हो और टेक्निशयन ट्रेड में अप्रेंटिसशिप/ आईटीआई का सर्टिफिकेट हो।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स लेवल- 2 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष से कम हो।

- दक्षिणी रेलवे (लेवल-1) पद : 12
- इंटीग्रल कोच फैक्टरी (लेवल-1) पद : 02

**योग्यता (उक्त सभी पद):** 10वीं पास हो और अप्रेंटिसशिप/आईटीआई का सर्टिफिकेट हो।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स लेवल- 1 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 33 वर्ष से कम हो।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/हाइब्रिड (सीबीटी-सह-शारीरिक) परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों का चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, ईडब्ल्यूएस, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए 250 रुपये है।

**वेबसाइट :** https://rrcmas.in

# पशु चिकित्सा अधिकारी के 787 पद रिक्त

बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) ने गांव-गांव जाकर पशुओं का इलाज करने वाले पशु चिकित्सा अधिकारी के 787 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। ये नियुक्तियां बिहार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग में की जाएंगी। आरक्षण का लाभ बिहार राज्य के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अक्तूबर 2026 है। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

## बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी)

ध्यान दें
787 पद

- आवेदन शुल्क : 100 रुपये। भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 23 अक्तूबर 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : https://btsc.bihar.gov.in

### पशु चिकित्सा अधिकारी, कुल पद : 787

(वर्ग के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)

- सामान्य वर्ग — पद : 228
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग — पद : 55
- अनुसूचित जाति वर्ग — पद : 207
- अनुसूचित जनजाति वर्ग — पद : 13
- अत्यंत पिछड़ा वर्ग — पद : 195
- पिछड़ा वर्ग — पद : 78
- पिछड़े वर्गों की महिला — पद : 11

**योग्यता :** भारतीय पशु चिकित्सा परिषद से मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान से बीवीएससी/बीवीएससी एंड एएच की डिग्री हो। बिहार पशु चिकित्सा परिषद में स्थायी रजिस्ट्रेशन हो।

**वेतनमान :** 53,100 से 1,67,800 रुपये।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 21 और अधिकतम 37 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 01 अगस्त 2026 को आधार मानकर होगी।

- अधिकतम आयु सीमा में बिहार के ओबीसी/ईबीसी वर्ग और महिलाओं को तीन वर्ष, एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। दिव्यांगों को दस वर्ष की छूट होगी।

**चयन प्रक्रिया :** कंप्यूटर आधारित लिखित प्रतियोगिता परीक्षा और कार्यानुभव के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा और कार्य अनुभव के अंक को जोड़कर कुल 100 अंकों के आधार पर चयन किया जाएगा।
- लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- लिखित परीक्षा दो घंटे की होगी और कुल 100 अंकों की होगी।
- प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा।
- प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक दिया जाएगा और गलत उत्तर पर एक चौथाई अंक की कटौती होगी।
- संविदा पर काम करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष के हिसाब से पांच दिए जाएंगे, जो अधिकतम 25 अंक होंगे।
- नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के आधार पर लिखित परीक्षा के अधिकतम 75 अंक और संविदा पर काम करने के 25 अंक जोड़कर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई से ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- बिहार तकनीकी सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (https://btsc.bihar.gov.in) पर लॉगिन करें। होमपेज पर 'Recruitments' पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से Advertisement for regular appointment to the post of Touring Veterinary Officer and Equivalent नोटिफिकेशन के आगे Advertisement पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और संबंधित नोटिफिकेशन के आगे 'Apply Online' लिंक पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर Online Application सेक्शन में Candidate Registration पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर Touring Veterinary Officer and Equivalent के आगे 'अप्लाई' पर क्लिक करें। अब नीचे रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर आवेदन करने से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और 'आई एक्सेप्ट' पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। यहां अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, पता, शैक्षणिक विवरण सहित मांगी गई जानकारियां दर्ज कर नीचे 'Validate & Preview' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर दर्ज की गई जानकारी जांच लें और नीचे घोषणा पत्र में टिक लगाकर सब्मिट कर दें। अगले पेज पर ई-मेल आईडी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वेरीफाई कर लें और व्यू रजिस्ट्रेशन स्लिप पर क्लिक करें।
- कंप्यूटर स्क्रीन पर रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड दिखाई देगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी आपको रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्राप्त हो जाएगा।
- पिछले पेज पर वापस आएं और Online Application सेक्शन के Fee Deposition/Reconciliation पर क्लिक करें। अगले पेज पर रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि और कैप्चा भरकर क्लिक हियर टू प्रोसीड फॉर पेमेंट पर क्लिक कर शुल्क का भुगतान करें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और Online Application सेक्शन के Submit Application Form पर क्लिक करें। नये पेज पर रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज कर प्रोसीड बटन पर क्लिक करें।
- नए पेज पर आवेदन पत्र खुल जाएगा। यहां मांगी गई जानकारियां दर्ज करें। फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें।
- अंत में आवेदन पत्र को सब्मिट कर दें। इस तरह आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। आवेदन पत्र सब्मिट करने से पहले एक प्रिंट निकालकर भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रख लें।

# हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में 15 पदों पर नियुक्तियां

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट, शिमला ने 15 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत लाइब्रेरियन, चपरासी, माली और कुक-कम-अटेंडेंट के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। आरक्षण का लाभ केवल हिमाचल प्रदेश के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी में आवेदन के पात्र होंगे। उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

- लाइब्रेरियन — पद : 01

**योग्यता :** स्नातक डिग्री के साथ लाइब्रेरी साइंस में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हो। या लाइब्रेरी साइंस में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री हो। साथ ही तीन वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 35,600 से 1,12,800 रुपये।

- चपरासी — पद : 08

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास हो।

- माली — पद : 02

**योग्यता :** दसवीं पास हो। साथ ही बागवानी में तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

- कुक-कम-अटेंडेंट — पद : 04

**योग्यता :** दसवीं पास हो। साथ ही तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। स्थानीय रीति-रिवाजों और बोलियों की जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**वेतन (उपरोक्त तीन पद) :** 18,000 से 56,900 रुपये।

**आयु सीमा** (सभी पदों के लिए) : न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 45 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** दसवीं के अंकों और दस्तावेजों के मूल्यांकन के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

- दसवीं के अंकों के लिए 85 और दस्तावेजों के मूल्यांकन के लिए 15 अंक निर्धारित हैं। लाइब्रेरियन पद के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 450 रुपये। हिमाचल प्रदेश के एससी/एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांगों के लिए 300 रुपये शुल्क देय होगा।

**वेबसाइट :** https://highcourt.hp.gov.in/

# मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय को 33 असिस्टेंट प्रोफेसर की दरकार

मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल (एमपीबीओयू) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 33 पदों पर आवेदन मांगे हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा। इसके बाद आवेदन-पत्र भरकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संस्थान के तय पते पर डाक से भेजना होगा। डाक से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 12 अक्तूबर 2026 है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद: 33

(विषयवार रिक्तियां)

- वनस्पति विज्ञान — पद : 02
- रसायन विज्ञान — पद : 02
- वाणिज्य — पद : 01
- कंप्यूटर विज्ञान — पद : 02
- अर्थशास्त्र — पद : 01
- शिक्षा — पद : 03
- अंग्रेजी — पद : 02
- भूगोल — पद : 01
- हिंदी — पद : 02
- इतिहास — पद : 02
- सूचना प्रौद्योगिकी — पद : 01
- पत्रकारिता एवं जनसंचार — पद : 01
- मैनेजमेंट — पद : 02
- गणित — पद : 03
- भौतिक विज्ञान — पद : 02
- राजनीति विज्ञान — पद : 02
- समाजशास्त्र — पद : 02
- जूलॉजी — पद : 02

**योग्यता:** न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री हो। नेट/सीएसआईआर-नेट/स्लेट/सेट में से कोई एक परीक्षा उत्तीर्ण हो। या पीएचडी की डिग्री होनी चाहिए।

**वेतनमान और आयु सीमा :** यूजीसी के नियमानुसार होगा।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** 1000 रुपये। एससी/एसटी के लिए 500 रुपये। दिव्यांग अभ्यर्थियों को कोई शुल्क देय नहीं है।

### आवेदन प्रक्रिया

- एमपीबीओयू की आधिकारिक वेबसाइट (https://mpbou.edu.in) पर जाएं। होमपेज पर 'Notices & Alerts' विकल्प पर क्लिक करें।
- अब नये पेज 'EMPLOYMENT NOTICE - Posts of Professor, Associate Professor and Assistant Professor' नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें। नये पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ खुल जाएगी। इसे पढ़कर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।
- **इस पते पर भेजें आवेदन:** रजिस्ट्रार, मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, राजा भोज का मार्ग (कोलार रोड) भोपाल-462016

# झारखंड में स्टाफ नर्स, एएनएम समेत 17 पदों पर डाक से आवेदन फॉर्म भेजें

जिला स्वास्थ्य समिति सिमडेगा (झारखंड) ने स्टाफ नर्स, एएनएम और ब्लॉक डेटा मैनेजर समेत 17 पदों पर आवेदन मांगे हैं। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन फॉर्म को डाउनलोड करे और उसे भरकर तय पते पर डाक से भेज दे। डाक से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 17 अक्तूबर 2026 है।

- स्टाफ नर्स (आरसीएच) — पद : 01
- स्टाफ नर्स (एनबीएसयू) — पद : 01

**योग्यता (उपरोक्त दो पद) :** 12वीं पास हो। मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्षीय जीएनएम कोर्स किया। झारखंड नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण अनिवार्य।

**वेतन :** 16,564 रुपये देय होगा।

- एएनएम (आरसीएच) — पद : 06

**योग्यता :** 12वीं या समकक्ष परीक्षा पास हो। एएनएम कोर्स उत्तीर्ण। झारखंड नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण अनिवार्य।

**वेतन :** 11,466 रुपये देय होगा।

- ब्लॉक डाटा मैनेजर (आरसीएच) — पद : 01

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और कंप्यूटर एप्लीकेशन में कम से कम एक वर्षीय डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा हो। संबंधित क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव हो।

**वेतन :** 15,000 रुपये देय होगा।

- एआरएसएच काउंसलर — पद : 01

**योग्यता :** साइकोलॉजी/सोशल वर्क/सोशियोलॉजी/ एंथ्रोपोलॉजी या ह्यूमन डेवलपमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री अथवा नर्सिंग में डिप्लोमा हो। किशोरों से संबंधित कार्य में कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो।

**वेतन :** 15,000 रुपये देय होगा।

- सैनिटरी अटेंडेंट (एनपीएचसीई) — पद : 01

**योग्यता :** 10वीं/12वीं पास तथा अस्पताल में काम करने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव।

**वेतन :** 10,000 रुपये देय होगा।

- रिहैबिलिटेशन वर्कर (एनपीएचसीई) — पद : 06

**योग्यता :** 12वीं या समकक्ष परीक्षा पास हो। 1.5 वर्षीय मल्टी रिहैबिलिटेशन वर्कर (एमआर/एचआई/एलएसडी/वीआई) या कम्युनिटी बेस्ड रिहैबिलिटेशन वर्कर का सर्टिफिकेट कोर्स हो।

**वेतन :** 16,564 रुपये देय होगा।

**आयु सीमा :** अधिकतम आयु 45 वर्ष से कम हो। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के को पांच वर्ष और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 10 वर्ष तक की छूट मिलेगी।

**चयन प्रक्रिया :** अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद लिखित परीक्षा/स्किल टेस्ट/साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** 400 रुपये शुल्क देय होगा। एससी/एसटी के लिए 200 रुपये शुल्क लगेगा।

**वेबसाइट :** https://simdega.nic.in/en/

- **इस पते पर भेजें फॉर्म :** असैनिक शल्य चिकित्सक - सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा, सदर अस्पताल परिसर, पोस्ट+जिला-सिमडेगा, पिन कोड-835223

शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए बिहार में सरकारी नौकरी पाने का अवसर है। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने विद्यालय अध्यापक के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्तियां की जाएंगी। भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहले चरण में लिखित परीक्षा और दूसरे चरण में दस्तावेज सत्यापन होगा। परीक्षा में सफलता के लिए अभ्यर्थियों को संबंधित विषय के साथ सामान्य अध्ययन और भाषा की तैयारी पर भी विशेष ध्यान देना होगा। पाठ्यक्रम की समझ, नियमित अभ्यास और समय प्रबंधन के साथ तैयारी करना जरूरी है।

# सामान्य ज्ञान के साथ अपने विषय पर पकड़ बनाकर बिहार में बनें शिक्षक

## पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी करना जरूरी

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले उसके पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रारूप को समझना जरूरी है। इससे अभ्यर्थियों को विषयों की प्राथमिकता तय करने और अध्ययन की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा में भाषा, सामान्य अध्ययन और संबंधित विषय से प्रश्न पूछे जाएंगे। हालांकि, प्रश्नों का विभाजन पद के अनुसार अलग-अलग होगा।

## परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसके लिए 150 अंक मिलेंगे।
- परीक्षा की अवधि ढाई घंटे की होगी।
- प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा
- प्रत्येक गलत उत्तर पर एक तिहाई अंक की कटौती होगी।

**नोट :** प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच विकल्प **(A, B, C, D, E)** होंगे। यदि अभ्यर्थी किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहता है, तो उसे विकल्प E चुनना होगा। किसी भी विकल्प का चयन नहीं करने पर भी एक तिहाई अंक काटे जाएंगे।

## पहला चरण : लिखित परीक्षा

### 1. भाषा परीक्षा

- इस भाग में अभ्यर्थियों की अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू अथवा बांग्ला भाषा की व्यावहारिक समझ का परीक्षण किया जाएगा। इसमें भाषा की समझ, व्याकरण और भाषा प्रयोग से संबंधित प्रश्नों की तैयारी करनी होगी। परीक्षा में 30 प्रश्न पूछे जाएंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

**तैयारी के टिप्स :** अंग्रेजी और चयनित भारतीय भाषा के व्याकरण का नियमित अभ्यास करें।

- भाषा की समझ विकसित करने के लिए समाचार पत्र और पाठ्य सामग्री पढ़ें।
- वाक्य संरचना और भाषा प्रयोग से संबंधित प्रश्नों का अभ्यास करें।
- अंग्रेजी व्याकरण के महत्वपूर्ण नियमों का दोहराव करें। नियमित मॉक टेस्ट हल करें।

### 2. सामान्य अध्ययन

- इसमें प्रारंभिक गणित, मानसिक क्षमता, सामान्य जागरूकता, सामान्य विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भूगोल और पर्यावरण से जुड़े प्रश्न होंगे।

#### गणित

- इस भाग में संख्या पद्धति, जोड़-घटाव, गुणा-भाग, भिन्न, दशमलव, प्रतिशत, अनुपात-समानुपात, औसत, लाभ-हानि, साधारण ब्याज, मापन और प्रारंभिक ज्यामिति से संबंधित प्रश्न होंगे।

**तैयारी के टिप्स :** बुनियादी सिद्धांतों और सूत्रों को समझें।

- जोड़, घटाव, गुणा और भाग का नियमित अभ्यास करें।
- भिन्न, दशमलव और अनुपात से जुड़े सवाल हल करें।
- गणितीय गणना की गति और सटीकता बढ़ाने पर ध्यान दें।

#### मानसिक क्षमता एवं तार्किक योग्यता

- इस भाग में अभ्यर्थियों की मानसिक क्षमता, तार्किक सोच और समस्या समाधान की योग्यता से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें दिए गए तथ्यों का विश्लेषण करने और तार्किक निष्कर्ष निकालने की क्षमता का अभ्यास करना चाहिए।

**तैयारी के टिप्स :** तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्नों का नियमित अभ्यास करें।

- प्रश्नों को हल करने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएं।
- कठिन प्रश्नों को छोटे चरणों में बांटकर हल करें।
- समय सीमा में प्रश्न हल करने का अभ्यास करें।



### परीक्षा भवन में इन बातों का रखें ध्यान

- परीक्षा भवन में समय प्रबंधन और प्रश्नों का सही चयन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र हल करने की रणनीति तैयार रखनी चाहिए।
- पहले उन प्रश्नों को हल करें जिनके उत्तर अच्छी तरह आते हैं।
- कठिन और लंबे प्रश्नों पर शुरुआत में अधिक समय न लगाएं।
- जिन प्रश्नों के उत्तर को लेकर संदेह हो, उन्हें चिह्नित करके आगे बढ़ें।
- अंत में समय बचने पर ऐसे प्रश्नों पर दोबारा विचार करें।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित विकल्प का चयन जरूर करें। बिना विकल्प चुने प्रश्न छोड़ने पर भी एक तिहाई अंक की कटौती होगी।
- उत्तरों की जांच के लिए परीक्षा के अंतिम कुछ मिनट सुरक्षित रखें।

### इन गलतियों से बचें

**गैरजरूरी किताबों और सामग्री से बचें**

बहुत सारी किताबें एक साथ पढ़ने की कोशिश न करें। मानक और भरोसेमंद अध्ययन सामग्री को प्राथमिकता दें। पाठ्यक्रम से बाहर की सामग्री पर अनावश्यक समय न लगाएं।

**सोशल मीडिया पर समय बर्बाद न करें**

पढ़ाई के समय मोबाइल को साइलेंट या डू नॉट डिस्टर्ब मोड में रखें। सोशल मीडिया के लिए निश्चित समय निर्धारित करें।

**रटने के बजाय समझने पर ध्यान दें**

तथ्यों के साथ उनके संदर्भ और मूल अवधारणाओं को समझें। गणित, विज्ञान और विषय आधारित प्रश्नों का नियमित अभ्यास करें।

**दूसरों से तुलना न करें**

तैयारी का आकलन मॉक टेस्ट और अभ्यास के आधार पर करें। कमजोर विषयों को पहचानकर सुधार करें।

#### सामान्य जागरूकता

- इस भाग में अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी और राष्ट्रीय एवं सामाजिक महत्व के विषयों की समझ का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं से संबंधित विषयों का अध्ययन करें। इसमें सामान्य ज्ञान, राष्ट्रीय महत्व की घटनाएं, सामान्य जागरूकता और समसामयिक विषय से संबंधित प्रश्न होंगे।

**तैयारी के टिप्स :** राष्ट्रीय और बिहार से संबंधित समाचार पढ़ें।

- राष्ट्रीय घटनाओं और उपलब्धियों की जानकारी रखें।
- बिहार के इतिहास, भूगोल, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अध्ययन करें।
- महत्वपूर्ण तथ्यों और घटनाओं के संक्षिप्त नोट्स बनाएं।

#### सामान्य विज्ञान

- विज्ञान की बुनियादी अवधारणाओं और दैनिक जीवन में विज्ञान के प्रयोग से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

**तैयारी के टिप्स :** दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से संबंधित उदाहरणों का अध्ययन करें।

- महत्वपूर्ण वैज्ञानिक तथ्यों के नोट्स बनाएं।
- विज्ञान से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अभ्यास करें।
- पढ़े हुए अध्यायों का नियमित दोहराव करें।
- रासायनिक सूत्र याद करें।

#### सामाजिक विज्ञान

- इस भाग में सामाजिक जीवन, इतिहास और समाज से संबंधित सामान्य जानकारी की समझ का परीक्षण किया जाएगा। इसमें सामाजिक विज्ञान की आधारभूत अवधारणाएं, इतिहास, सामाजिक जीवन और समाज से संबंधित सामान्य जानकारी का ज्ञान परखा जाएगा।

**तैयारी के टिप्स :** भारतीय इतिहास की प्रमुख घटनाओं को क्रमवार समझें।

- बिहार के इतिहास और सामाजिक विकास से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों को पढ़ें।
- महत्वपूर्ण घटनाओं एवं तथ्यों के संक्षिप्त नोट्स बनाएं।
- विषयवार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अभ्यास करें।

#### भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन

- इस भाग में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और उससे संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख चरणों, घटनाओं और बिहार के योगदान का अध्ययन करना चाहिए।

**तैयारी के टिप्स :** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख घटनाओं का क्रमवार अध्ययन करें।

- राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेताओं और आंदोलनों की जानकारी रखें।
- महत्वपूर्ण घटनाओं की समयरेखा तैयार करें।
- ऐतिहासिक तथ्यों और घटनाओं का नियमित दोहराव करें।

#### भूगोल

- सामान्य अध्ययन में भारत एवं विश्व के भूगोल से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे। इसमें भौगोलिक परिस्थितियों, प्राकृतिक विशेषताओं और पर्यावरण से जुड़े विषयों की तैयारी करना उपयोगी होगा।

**तैयारी के टिप्स :** भारत और विश्व के मानचित्र का नियमित अध्ययन करें।

- भारत की प्रमुख नदियों, पर्वतों, मैदानों और पठारों की जानकारी रखें।
- प्रमुख भौगोलिक तथ्यों के संक्षिप्त नोट्स बनाएं।
- मानचित्र आधारित प्रश्नों का अभ्यास करें।

#### पर्यावरण

- इस भाग में पर्यावरण और उससे संबंधित सामान्य विषयों की जानकारी का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए प्राकृतिक परिस्थितियों, पर्यावरणीय समस्याओं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े बुनियादी विषयों का अध्ययन करना फायदेमंद साबित होगा।

**तैयारी के टिप्स :** पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों से संबंधित विषयों का अध्ययन करें।

- पर्यावरण संबंधी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का अभ्यास करें।
- महत्वपूर्ण तथ्यों के नोट्स बनाकर नियमित दोहराव करें।
- मॉक टेस्ट से अपनी तैयारी की जानकारी रखें।

### 3. विषय आधारित प्रश्न

- इस भाग में अभ्यर्थियों की संबंधित विषय में शैक्षणिक समझ और ज्ञान का परीक्षण किया जाएगा। इसमें निर्धारित पद एवं विषय के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्न पूछे जाएंगे। अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता और संबंधित पद की पात्रता के अनुरूप विषय की तैयारी करनी चाहिए। प्रश्नों का स्तर निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप होगा।

**प्रमुख विषय :** हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, गणित, विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, वाणिज्य, कंप्यूटर विज्ञान, संगीत, कला एवं अन्य निर्धारित विषय।

**तैयारी के टिप्स :** संबंधित विषय के निर्धारित पाठ्यक्रम का विस्तृत अध्ययन करें।

- एससीईआरटी और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को प्राथमिकता दें।
- महत्वपूर्ण तथ्यों, परिभाषाओं और सूत्रों के संक्षिप्त नोट्स बनाकर तैयार करें।
- विषयवार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का नियमित अभ्यास करें।
- पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों और मॉक टेस्ट से रोजना अभ्यास की आदत बनाएं।
- कमजोर अध्यायों की पहचान कर उनका नियमित दोहराव करना सुनिश्चित करें।

## दूसरा चरण : दस्तावेज सत्यापन

लिखित परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इस चरण में उम्मीदवारों द्वारा आवेदन के दौरान दी गई जानकारी और निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की जांच की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, आयु, आरक्षण और अन्य पात्रता संबंधी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे। दस्तावेजों में किसी प्रकार की विसंगति या निर्धारित पात्रता पूरी नहीं होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी प्रभावित हो सकती है।

**तैयारी के टिप्स :** 10वीं और 12वीं की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र तैयार रखें।

- स्नातक और अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के प्रमाणपत्र एवं अंकतालिकाएं रखें।
- आरक्षण का लाभ लेने वाले अभ्यर्थी जाति प्रमाणपत्र और अन्य संबंधित दस्तावेज तैयार रखें।

# किताबों के साथ डिजिटल पढ़ाई से आसान हुई परीक्षा की तैयारी

सरकारी नौकरी की तैयारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले जहां किताबें, कॉपियां और कोचिंग तैयारी का आधार थीं, वहीं अब मोबाइल, लैपटॉप और इंटरनेट भी पढ़ाई का हिस्सा बन चुके हैं। वीडियो लेक्चर, ऑनलाइन टेस्ट और डिजिटल नोट्स से पढ़ाई आसान हुई है, लेकिन ध्यान भटकने का खतरा भी बढ़ा है। शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, डिजिटल साधनों का फायदा तभी मिलेगा, जब अभ्यर्थी सीमित सामग्री चुनकर नियमित पढ़ाई और अभ्यास पर ध्यान दें।




## ऑनलाइन तैयारी से सामान्य ज्ञान की सटीक जानकारी मिल रही

- सरकारी नौकरी की कई परीक्षाओं में सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। ऐसे में समाचार वेबसाइट, समाचार ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म से देश-दुनिया की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी जल्दी मिल सकती है। लेकिन हर ऑनलाइन जानकारी सही नहीं होती। खासकर परीक्षा की तारीख, भर्ती, सिलेबस, परिणाम और कटऑफ जैसी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए संबंधित भर्ती संस्था की आधिकारिक वेबसाइट या आधिकारिक सूचना को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। सोशल मीडिया पर मिली जानकारी को बिना जांचे सही मानने से बचना जरूरी है।

## पढ़ाई में मददगार मोबाइल, लेकिन ध्यान के लिए चुनौती

- मोबाइल पढ़ाई का साधन है, लेकिन इसी में मनोरंजन की पूरी दुनिया भी मौजूद है। पढ़ाई के लिए मोबाइल खोला और किसी संदेश का नोटिफिकेशन आया। उसके बाद सोशल मीडिया खुला और कुछ मिनट रील देखने में निकल गए। देखते-देखते आधा घंटा बीत सकता है। यही डिजिटल पढ़ाई की बड़ी चुनौती है। पढ़ाई के दौरान गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद किए जा सकते हैं। सोशल मीडिया के लिए अलग समय तय किया जा सकता है। जरूरत न हो तो मोबाइल को पढ़ाई की जगह से थोड़ी दूरी पर रखा जा सकता है। मोबाइल को पूरी तरह छोड़ना जरूरी नहीं है। जरूरत यह है कि मोबाइल अभ्यर्थी के नियंत्रण में रहे और पढ़ाई के समय उसका इस्तेमाल केवल जरूरी काम के लिए हो।

## घर बैठे पढ़ाई का बढ़ा विकल्प

- डिजिटल पढ़ाई का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसके लिए हर बार घर से बाहर निकलना जरूरी नहीं है। छोटे शहरों और कस्बों में रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा उपयोगी हो सकती है। उन्हें अलग-अलग विषयों के वीडियो लेक्चर, नोट्स, अभ्यास सामग्री और मॉक टेस्ट ऑनलाइन मिल जाते हैं। किसी अध्याय को पहली बार समझने में परेशानी हो तो वीडियो दोबारा देखा जा सकता है। कठिन सवाल का समाधान भी कुछ समय में मिल सकता है।
- लेकिन ऑनलाइन सामग्री की अधिकता परेशानी भी बन सकती है। एक ही विषय के लिए कई शिक्षक, कई नोट्स और कई टेस्ट उपलब्ध हैं। ऐसे में बार-बार स्रोत बदलने से पढ़ाई व्यवस्थित होने के बजाय उलझ सकती है। बेहतर तरीका है कि हर विषय के लिए सीमित और भरोसेमंद सामग्री चुनी जाए और उसी से लगातार पढ़ाई की जाए।

## वीडियो लेक्चर से कठिन विषय समझना आसान

- गणित, रीजनिंग, विज्ञान या तकनीकी विषयों के कुछ अध्याय किताब से पढ़ने पर कठिन लग सकते हैं। ऐसे विषयों में वीडियो लेक्चर मददगार हो सकते हैं। शिक्षक किसी सवाल को चरण-दर-चरण हल करके समझाता है। जरूरत पड़ने पर वीडियो रोका जा सकता है और कठिन हिस्से को दोबारा देखा जा सकता है। हालांकि केवल वीडियो देख लेना तैयारी के लिए पर्याप्त नहीं है।
- वीडियो देखने के बाद खुद सवाल हल करना जरूरी है। कई बार शिक्षक को सवाल हल करते हुए देखकर लगता है कि विषय समझ आ गया, लेकिन परीक्षा में वही सवाल खुद हल करते समय परेशानी होती है। इसलिए वीडियो से सीखने के बाद अभ्यास जरूर करें। सही तरीका है कि वीडियो देखें, समझें, जरूरी नोट्स बनाएं और फिर खुद सवाल हल करें।

## ऑनलाइन मॉक टेस्ट से परीक्षा जैसा अभ्यास

- ऑनलाइन मॉक टेस्ट ने परीक्षा की तैयारी के तरीके को भी बदला है। अभ्यर्थी घर बैठे परीक्षा जैसा माहौल बनाकर टेस्ट दे सकता है। इससे यह पता चलता है कि कितने समय में कितने सवाल हल हो रहे हैं और किन विषयों में गलतियां ज्यादा हो रही हैं।
- मॉक टेस्ट का फायदा केवल स्कोर देखने से नहीं मिलता। टेस्ट खत्म होने के बाद गलत सवालों को देखना और गलती की वजह समझना ज्यादा जरूरी है। अगर गणित के किसी अध्याय में बार-बार गलती हो रही है तो उस विषय पर दोबारा काम किया जा सकता है। अगर सवाल आते हुए भी समय की कमी के कारण छूट रहे हैं तो समय प्रबंधन का अभ्यास करना चाहिए। इस तरह मॉक टेस्ट केवल नंबर बताने का माध्यम नहीं रहता, बल्कि तैयारी में सुधार का जरिया बन जाता है।

## सामग्री साथ रखना आसान

- मोबाइल और लैपटॉप में डिजिटल नोट्स, ई-बुक्स और पीडीएफ रखने की सुविधा से पढ़ाई की सामग्री साथ रखना आसान हुआ है। यात्रा के दौरान या खाली समय में भी कुछ सामग्री पढ़ी जा सकती है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हर नई पीडीएफ डाउनलोड कर ली जाए।
- कई अभ्यर्थियों के मोबाइल में सैकड़ों पीडीएफ जमा हो जाती हैं। एक सामग्री पूरी होने से पहले दूसरी डाउनलोड कर ली जाती है। इससे पढ़ाई का बोझ कम होने के बजाय बढ़ सकता है। जरूरी सामग्री चुनना, उसे व्यवस्थित रखना और समय-समय पर उसका रिवीजन करना ज्यादा उपयोगी है।

## स्क्रीन के साथ किताबों को भी रखें साथ

- डिजिटल पढ़ाई बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि किताबों की जरूरत खत्म हो गई है। लंबे समय तक स्क्रीन देखने के बजाय कुछ सामग्री किताब या प्रिंटेड नोट्स से पढ़ी जा सकती है। पढ़ाई के बीच छोटे ब्रेक लेना भी उपयोगी हो सकता है। अभ्यर्थी कठिन विषय को वीडियो से समझ सकता है, फिर उसी विषय को किताब से पढ़ सकता है और इसके बाद सवाल हल कर सकता है। इससे डिजिटल और पारंपरिक पढ़ाई दोनों का फायदा लिया जा सकता है।

## हर शिक्षक की रणनीति अपनाना जरूरी नहीं

- डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कई शिक्षक अपनी तैयारी की रणनीति बताते हैं। कोई ज्यादा घंटे पढ़ने की सलाह देता है तो कोई कम समय में पढ़ाई पूरी करने की बात करता है। लेकिन हर सलाह हर अभ्यर्थी के लिए समान रूप से उपयोगी हो, यह जरूरी नहीं है। हर व्यक्ति की तैयारी और परिस्थितियां अलग होती हैं। किसी का गणित मजबूत हो सकता है तो किसी की अंग्रेजी। किसी के पास पूरे दिन पढ़ने का समय हो सकता है तो कोई नौकरी या दूसरी जिम्मेदारियों के साथ तैयारी कर रहा हो सकता है। इसलिए दूसरों की दिनचर्या देखकर बार-बार अपनी योजना बदलने के बजाय अपनी जरूरत के हिसाब से पढ़ाई की योजना बनाना बेहतर है।

## एआई भी बन रहा है सहायक

- डिजिटल पढ़ाई अब केवल वीडियो और पीडीएफ तक सीमित नहीं है। एआई आधारित टूल और दूसरे डिजिटल साधनों की मदद से किसी विषय को आसान भाषा में समझा जा सकता है, अभ्यास के सवाल तैयार किए जा सकते हैं या अपनी गलतियों को व्यवस्थित किया जा सकता है। लेकिन ऐसे साधनों को शिक्षक, किताब या आधिकारिक स्रोत का पूरा विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।
- परीक्षा से जुड़े नियम, सिलेबस, तारीख या भर्ती की जानकारी के लिए आधिकारिक सूचना को ही आधार बनाना जरूरी है। तकनीक का इस्तेमाल पढ़ाई को आसान बनाने के लिए किया जाना चाहिए, पढ़ाई से बचने के लिए नहीं।

## सामग्री जुटाने से ज्यादा जरूरी उसका इस्तेमाल

- डिजिटल पढ़ाई में एक आम समस्या सामग्री जुटाने की भी है। नया चैनल मिला तो उसे फॉलो कर लिया। नई पीडीएफ मिली तो डाउनलोड कर ली। नई टेस्ट सीरीज मिली तो उसमें जुड़ गए। नई रणनीति का वीडियो देखा तो पुरानी योजना बदल दी। इस तरह सामग्री लगातार बढ़ती जाती है, लेकिन पढ़ाई पूरी नहीं होती।
- परीक्षा की तैयारी में सामग्री की संख्या से ज्यादा जरूरी है कि चुनी गई सामग्री को कितनी अच्छी तरह पढ़ा और दोहराया गया है। कम लेकिन अच्छी सामग्री चुनें। उसे पूरा करें। नोट्स का रिवीजन करें और ज्यादा से ज्यादा सवाल हल करें। बार-बार नए स्रोत तलाशने के बजाय एक तय योजना पर टिके रहना पढ़ाई को व्यवस्थित रख सकता है।

## डिजिटल पढ़ाई का सही तरीका

- डिजिटल माध्यम का इस्तेमाल करते समय कुछ आसान नियम अपनाए जा सकते हैं। पढ़ाई शुरू करने से पहले तय करें कि क्या पढ़ना है और कितनी देर पढ़ना है। जरूरत के अनुसार ही वीडियो या ऑनलाइन सामग्री खोजें। एक विषय के लिए बार-बार शिक्षक या स्रोत बदलने से बचें। वीडियो देखने के बाद खुद सवाल हल करें।
- मॉक टेस्ट के बाद गलतियों का विश्लेषण करें। सोशल मीडिया और मनोरंजन के लिए अलग समय तय करें। सबसे जरूरी बात यह है कि मोबाइल खोलने से पहले उद्देश्य स्पष्ट हो। अगर पता है कि अगले 30 मिनट में कौन सा लेक्चर देखना है या कितने सवाल हल करने हैं तो मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा व्यवस्थित तरीके से किया जा सकता है।

## तकनीक साधन है, मंजिल नहीं

- डिजिटल पढ़ाई ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सुविधाजनक जरूर बनाया है। अब अभ्यर्थी के पास वीडियो, ऑनलाइन टेस्ट, डिजिटल नोट्स और जानकारी के कई साधन उपलब्ध हैं। लेकिन सुविधा बढ़ने के साथ यह जिम्मेदारी भी बढ़ी है कि जरूरी सामग्री और गैर-जरूरी जानकारी में अंतर किया जाए।
- मोबाइल में बहुत सारी जानकारी होना अपने आप में तैयारी नहीं है। तैयारी तब मजबूत होती है, जब जरूरी सामग्री पढ़ी जाए, सवाल हल किए जाएं, गलतियों को सुधारा जाए और नियमित रिवीजन किया जाए। इसलिए अभ्यर्थी वीडियो लेक्चर, ऑनलाइन टेस्ट, डिजिटल नोट्स और एआई जैसे साधनों का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन किताबों, अभ्यास और रिवीजन को भी बराबर महत्व देना जरूरी है।
- डिजिटल पढ़ाई का असली फायदा तभी है, जब मोबाइल पढ़ाई को आसान बनाए, पढ़ाई से ध्यान न हटाए। आज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किताब के साथ मोबाइल भी जरूरी साधन बन चुका है। अब फर्क इस बात से पड़ेगा कि अभ्यर्थी इन साधनों का इस्तेमाल कितना व्यवस्थित तरीके से करता है। सही समय तय करके मोबाइल का इस्तेमाल किया जाए, तो यह तैयारी को अधिक प्रभावी बना सकता है।

# एएसआई समेत 655 पदों पर फॉर्म भरें

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी), भोपाल ने पुलिस मुख्यालय, गृह (पुलिस) विभाग में 655 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत सूबेदार (स्टेनोग्राफर) और असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर के पद भरे जाएंगे। चयनित उम्मीदवारों का प्रोबेशन पीरियड तीन वर्ष का होगा। हर तरह के आरक्षण का लाभ मध्य प्रदेश के मूल निवासियों को मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 08 अक्तूबर 2026 है।

- सूबेदार (मिनिस्ट्रियल) स्टेनो. (सामान्य शाखा), पद : 125
- सूबेदार (मिनिस्ट्रियल) स्टेनो. (विशेष शाखा), पद : 10

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास हो। शॉर्ट-हैंड में 100 शब्द प्रति मिनट की गति की परीक्षा उत्तीर्ण हो। हिंदी टाइपिंग आती हो। कंप्यूटर का डिप्लोमा/प्रमाणपत्र हो या समकक्ष योग्यता हो।

**वेतनमान :** 36,200 से 1,14,800 रुपये।

- एएसआई (मिनिस्ट्रियल) (सामान्य शाखा) पद : 100
- एएसआई (मिनिस्ट्रियल) (फील्ड यूनिट) पद : 370
- एएसआई (मिनिस्ट्रियल) (विशेष शाखा) पद : 25
- एएसआई (मिनिस्ट्रियल) (अपराध जांच विभाग) पद : 25

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास हो। हिंदी टाइपिंग आती हो। कंप्यूटर का डिप्लोमा/प्रमाणपत्र हो या समकक्ष योग्यता हो।

**वेतनमान :** 19,500 से 62,000 रुपये।

## आयु सीमा

- अधिकतम 33 वर्ष से कम हो। अधिकतम आयु सीमा की गणना 08 अक्तूबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु सीमा में मध्य प्रदेश के एससी/एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- लिखित परीक्षा, स्किल टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी), भोपाल

**ध्यान दें**

**655 पद**

- आवेदन शुल्क : 500 रुपये। मध्य प्रदेश के एससी/ एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लिए 250 रुपये देय है। भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 08 अक्तूबर 2026
- आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 13 अक्तूबर 2026
- वेबसाइट : https://esb.mp.gov.in/

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें 100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे।
- प्रश्न पत्र में सामान्य ज्ञान एवं तार्किक ज्ञान से 40 प्रश्न, बौद्धिक क्षमता एवं मानसिक अभिरुचि से 30 प्रश्न और विज्ञान एवं अंक गणित से 30 प्रश्न होंगे।
- परीक्षा की अवधि दो घंटे होगी। गलत उत्तर पर नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

### शारीरिक मानक परीक्षण

- **लंबाई :** पुरुषों के लिए न्यूनतम 162 सेंटीमीटर और महिलाओं के लिए 152 सेंटीमीटर हो।
- **दृष्टि क्षमता :** 6/9 से 6/12

## आवेदन शुल्क

- 500 रुपये। मध्य प्रदेश के एससी/ एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लिए 250 रुपये देय है।
- शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग या यूपीआई के जरिए ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) की आधिकारिक वेबसाइट (https://esb.mp.gov.in/) पर जाएं। भाषा के अनुसार ENGLISH या हिंदी पर क्लिक करें।
- होमपेज पर Latest Updates के सेक्शन में Online Form - Subedar (Stenographer) & Asst. Sub-Inspector Recruitment Test For Police H.Q., Home (Police) - 2026 Start Date:24/09/2026 के आगे Rulebook पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस आएं और संबंधित नोटिफिकेशन पर क्लिक करें। अगले पेज पर उम्मीदवार प्रोफाइलिंग पर क्लिक करें।
- अब प्रोफाइल पंजीकरण फार्म पर क्लिक करें। अगले पेज पर क्या आपके पास पूर्व में पंजीकृत प्रोफाइल आईडी है? के आगे नहीं पर क्लिक करें।
- नए पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। यहां मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और कैप्चा भरकर ओटीपी प्राप्त करें पर क्लिक करें।
- मोबाइल नंबर पर प्राप्त हुए ओटीपी को दर्ज कर सत्यापित कर लें। इससे मोबाइल पर रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्राप्त हो जाएगा।
- पिछले पेज पर वापस आएं और पंजीकरण के दौरान प्राप्त रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि, पासवर्ड और कैप्चा भरकर आगे बढ़ाएं पर क्लिक करें।
- नए पेज पर आवेदन पत्र खुल जाएगा। अब यहां मांगी गई सभी जानकारी को एक-एक कर सावधानीपूर्वक भर लें।
- अब मांगे गए दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर और आधार कार्ड की स्कैनकॉपी अपलोड करें। अब निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- अब अभ्यर्थी भरे गए आवेदन-पत्र को एक बार अच्छी तरह से पढ़ लें और अंत में नीचे दिए गए कैप्चा को भरकर आवेदन-पत्र सब्मिट कर दें।

# एसोसिएट इंजीनियर के 20 पदों पर अवसर

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड-I के 20 पदों के लिए भर्ती निकाली है। बीई/बीटेक/बीएससी डिग्री धारक उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अक्तूबर 2026 है। पात्रता, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया और अन्य विवरण नीचे दिया जा रहा है।

### एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड-I - मेकेनिकल/ मेटलर्जिकल इंस्पेक्शन, पद:16

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों के ब्योरा)**

- सामान्य वर्ग पद : 06
- एसटी वर्ग पद : 02
- एससी वर्ग पद : 02
- ओबीसी पद : 04
- ईडब्ल्यूएस पद : 02

### एसोसिएट इंजीनियर- इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्शन पद :04

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों के ब्योरा)**

- सामान्य वर्ग पद : 02
- एससी वर्ग पद : 01
- ओबीसी पद : 01

**योग्यता (उक्त सभी पद):** मेकेनिकल/मेटलर्जिकल/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में बीई/ बीटेक/ बीएससी (इंजीनियरिंग) की डिग्री होनी चाहिए।

**वेतनमान:** 57,600 से 64,000 रुपये।

**आयु सीमा:** अधिकतम 32 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 31 अगस्त 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** स्क्रीनिंग के बाद उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार गुरुग्राम, मुंबई, पुणे, वडोदरा, चेन्नई और कोलकाता के ईआईएल ऑफिस में आयोजित होगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**आधिकारिक वेबसाइट :** www.engineersindia.com

# गन कैरिज फैक्टरी को 10 ट्रेड्समैन की दरकार

गन कैरिज फैक्टरी (जीसीएफ), जबलपुर में कुशल ट्रेड्समैन के 10 पदों पर भर्तियां होंगी। ये पद फिटर (इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रानिक्स) ट्रेड में की जाएंगी। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

### ट्रेड्समैन, कुल पद : 10

**योग्यता :** संबंधित ट्रेड/क्षेत्र में एनटीसी/एनएसी से आईटीआई का सर्टिफिकेट हो। या संबंधित ट्रेड में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा/डिग्री हो। अभ्यर्थी के पास संबंधित कार्य क्षेत्र में कम से कम दो वर्ष का अनुभव भी होना चाहिए।

**वेतनमान :** 31,840 रुपये प्रति माह।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 11 अक्तूबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

- अधिकतम आयु सीमा में एससी/ एसटी वर्ग को पांच वर्ष, ओबीसी वर्ग (नान-क्रीमीलेयर) को तीन वर्ष और दिव्यांगों को दस वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** तकनीकी योग्यता के अंकों और ट्रेड टेस्ट/साक्षात्कार के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। दोनों को 50-50 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** 200 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों को कोई शुल्क देय नहीं है।

**वेबसाइट :** https://www.aweil.in

# यूपी में पीजीटी समेत 35 पदों पर आवेदन भेजें

प्रयागराज के कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 35 पदों भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत पीजीटी, चपरासी, चौकीदार समेत अन्य पद भरे जाएंगे। केवल महिला उम्मीदवार ही आवेदन की पात्र हैं। योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र डाउनलोड कर भरें और इसे मांगे गए दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से संस्थान के तय पते पर 13 अक्तूबर 2026 तक भेज दें।

## कक्षा 06 से 08 के लिए

- पूर्णकालिक शिक्षिका, कुल पद : 05

**विषय के अनुसार रिक्तियां :** विज्ञान (02 पद), अंग्रेजी (02 पद), गणित (01 पद)

**योग्यता :** पदानुसार संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री हो। टीईटी परीक्षा पास हो।

**वेतनमान :** 25,410 रुपये।

- अंशकालिक शिक्षिका कुल पद : 02

**विषय के अनुसार रिक्तियां :** कंप्यूटर विज्ञान (01 पद), कला, क्राफ्ट एवं संगीत (01 पद)

**योग्यता :** कंप्यूटर विज्ञान के लिए स्नातक की डिग्री के साथ बीएड हो। या ओ लेवल का सर्टिफिकेट हो। कला, क्राफ्ट एवं संगीत के पद के लिए स्नातक के साथ प्रशिक्षण की उपाधि हो।

**वेतनमान :** 12,790 रुपये।

- चौकीदार पद : 01
- मुख्य रसोईया पद : 01
- सहायक रसोईया पद : 05

**योग्यता (उपरोक्त तीन पद) :** आठवीं पास हो।

**वेतनमान :** चौकीदार को 7,505 रुपये, मुख्य रसोईया को 9,006 रुपये और सहायक रसोईया को 6,755 देय होगा।

## कक्षा 09 से 12 के लिए

- पीजीटी कुल पद : 08

**विषय के अनुसार रिक्त पद :** हिंदी (01 पद), अंग्रेजी (01 पद), गणित (01 पद), जीव विज्ञान (02 पद), रसायन विज्ञान (01 पद), भौतिक विज्ञान (01 पद), कंप्यूटर विज्ञान (01 पद)

**योग्यता :** पदानुसार संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हो या समकक्ष योग्यता हो। कंप्यूटर विज्ञान के पद पर बीई/बीटेक/एमटेक वाले भी आवेदन कर सकते हैं।

**वेतनमान :** 22,000 रुपये।

- लैब असिस्टेंट पद : 06

**योग्यता :** विज्ञान विषय के साथ 10वीं पास हो। लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा हो। या विज्ञान विषय से 12वीं पास हो।

**वेतनमान :** 7,147 रुपये।

- कार्यालय अधीक्षक/लिपिक पद : 01

**योग्यता :** 12वीं पास हो। 10वीं या 12वीं में कंप्यूटर विज्ञान विषय पढ़ा हो या कंप्यूटर विज्ञान में डिप्लोमा/डिग्री हो या कंप्यूटर में सीसीसी का प्रमाण पत्र हो। कंप्यूटर पर हिंदी में 25 शब्द और अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति हो।

**वेतनमान :** 12,430 रुपये।

- सहायक रसोईया पद : 02
- चपरासी पद : 01
- चौकीदार पद : 03

**योग्यता (उपरोक्त तीन पद) :** आठवीं पास हो।

**वेतनमान :** 7,505 रुपये। सहायक रसोईया को 6,755 रुपये देय होगा।

**आयु सीमा :** सभी पदों पर न्यूनतम 25 और अधिकतम 45 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 01 अप्रैल 2026 से होगी।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची के आधार पर उम्मीदवारों का चयन होगा।
- रसोइया, चपरासी, और चौकीदार के पदों पर साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले प्रयागराज जिले की आधिकारिक वेबसाइट (https://prayagraj.nic.in/) पर जाएं। होमपेज पर नोटिस के सेक्शन में Recruitment पर क्लिक करें।
- नये पेज पर Recruitment at various posts in Kasturba Gandhi Residential Girls School in Prayagraj नाम के नोटिफिकेशन के आगे View पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड हो जाएगी। इसे पढ़कर योग्यता की जांच करें। नोटिफिकेशन के नीचे आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। इसका ए-4 साइज के पेपर पर प्रिंट निकाल लें और इसे भरकर मांगे दस्तावेजों के साथ भेज दें।
- स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के 58-58 रुपये के शुल्क के डाक टिकट लगे दो स्वपता लिखे लिफाफे भी अवश्य भेजें।

### इस पते पर भेजें आवेदन

- जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज - 211002

# बिहार के मत्स्य विभाग में 231 पदों पर मौके

बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी) ने मत्स्य प्रसार अधिकारी के 231 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। ये नियुक्तियां बिहार के मत्स्य विकास एवं संरक्षण निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में की जाएंगी। आरक्षण का लाभ बिहार राज्य के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 अक्तूबर 2026 है। विस्तृत जानकारी इस प्रकार है...

**बिहार तकनीकी सेवा आयोग (बीटीएससी)**

**ध्यान दें**

**231 पद**

- आवेदन शुल्क : 100 रुपये। भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 23 अक्तूबर 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : https://btsc.bihar.gov.in
- हेल्पलाइन नंबर : 18003456221

### मत्स्य प्रसार अधिकारी, कुल पद : 231

(वर्ग के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | पद : 96 |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | पद : 23 |
| अनुसूचित जाति वर्ग | पद : 35 |
| अनुसूचित जनजाति वर्ग | पद : 02 |
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पद : 41 |
| पिछड़ा वर्ग | पद : 27 |
| पिछड़े वर्गों की महिला | पद : 07 |

**योग्यता :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मत्स्य विज्ञान में चार वर्षीय स्नातक की डिग्री हो।

**वेतनमान :** वेतन स्तर-7 के अनुसार देय होगा।

### आयु सीमा

- न्यूनतम 21 और अधिकतम 37 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 01 अगस्त 2026 को आधार मानकर होगी।
- अधिकतम आयु सीमा में बिहार के ओबीसी/ ईबीसी वर्ग और महिलाओं को तीन वर्ष, एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। दिव्यांगों को दस वर्ष की छूट होगी।

### चयन प्रक्रिया

- सीबीटी प्रतियोगिता परीक्षा और कार्यानुभव के आधार पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा और कार्य अनुभव के अंक को जोड़कर कुल 100 अंकों के आधार पर चयन किया जाएगा।
- लिखित प्रतियोगिता परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
- लिखित परीक्षा दो घंटे की होगी और कुल 100 अंकों की होगी। प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में होगा।
- प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक दिया जाएगा और गलत उत्तर पर एक चौथाई अंक की कटौती होगी।
- संविदा पर काम करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष के हिसाब से पांच अंक दिए जाएंगे। जो अधिक अधिकतम 25 अंक होंगे।
- नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के आधार पर लिखित परीक्षा के अधिकतम 75 अंक और संविदा पर काम करने के 25 अंक जोड़कर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी।

### आवेदन शुल्क

- 100 रुपये। भुगतान क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग या यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- बिहार तकनीकी सेवा आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (https://btsc.bihar.gov.in) पर लॉगइन करें। होमपेज पर 'Recruitments' पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से Advertisement for regular appointment to the post of FISHERY EXTENSION OFFICER नोटिफिकेशन के आगे Advertisement पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगी। अब इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और संबंधित नोटिफिकेशन के आगे 'Apply Online' लिंक पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर Online Application सेक्शन में Candidate Registration पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर FISHERY EXTENSION OFFICER के आगे 'अप्लाई' पर क्लिक करें। अब नीचे रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर आवेदन करने से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और 'आई एक्सेप्ट' पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर रजिस्ट्रेशन फॉर्म खुल जाएगा। यहां अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, पता, शैक्षणिक विवरण सहित मांगी गई जानकारियां दर्ज कर नीचे 'Validate & Preview' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर दर्ज की गई जानकारी जांच लें और नीचे घोषणा पत्र में टिक लगाकर सब्मिट कर दें। अगले पेज पर ई-मेल आईडी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वेरीफाई कर लें और व्यू रजिस्ट्रेशन स्लिप पर क्लिक करें।
- कंप्यूटर स्क्रीन पर रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड दिखाई देगा। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी आपको रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड प्राप्त हो जाएगा।
- छले पेज पर वापस आएं और Online Application सेक्शन के Fee Deposition/Reconciliation पर क्लिक करें। अगले पेज पर रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि और कैप्चा भरकर क्लिक हियर टू प्रोसीड फॉर पेमेंट पर क्लिक कर शुल्क का भुगतान करें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और Online Application सेक्शन के Submit Application Form पर क्लिक करें। नये पेज पर रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज कर प्रोसीड करें।
- नए पेज पर आवेदन पत्र खुल जाएगा। यहां मांगी गई जानकारियां दर्ज करें। फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और दस्तावेजों को निर्धारित प्रारूप में अपलोड करें। अंत में आवेदन पत्र को सब्मिट कर दें।

# लीगल कंसल्टेंट समेत छह पद भरे जाएंगे

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बीईसीआईएल) ने दिल्ली-एनसीआर स्थित केंद्रीय सरकारी अस्पताल में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत लीगल कंसल्टेंट, आर्किटेक्ट कंसल्टेंट और हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजमेंट कंसल्टेंट के कुल छह पद भरे जाएंगे। नियुक्ति अनुबंध के आधार पर होगी। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी 11 अक्तूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### लीगल कंसल्टेंट, पद : 02

**योग्यता :** एलएलबी या बीए एलएलबी की डिग्री के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा, सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में
- कानूनी सलाहकार के रूप में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### आर्किटेक्ट कंसल्टेंट, पद 02

**योग्यता :** आर्किटेक्चर में स्नातकोत्तर की डिग्री और वास्तु डिजाइन, स्पेशल लेआउट या संस्थागत इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव आवश्यक है।
- ऑटोकैड, स्केचअप और संबंधित भवन मानकों की जानकारी होनी चाहिए।

### हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजमेंट कंसल्टेंट, पद 02

**योग्यता :** हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन या पब्लिक हेल्थ में स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। अस्पताल की गुणवत्ता या प्रबंधन के क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान (उपरोक्त सभी पद) :** 1,00,000 रुपये।

**आयु सीमा (उपरोक्त सभी पद) :** संस्थान के तय नियमानुसार तय होगी।

**चयन प्रक्रिया :** योग्यता और अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट कर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस दौरान असेसमेंट और स्किल टेस्ट भी हो सकता है।

**आवेदन शुल्क :** 295 रुपये। एससी/एसटी और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**वेबसाइट :** https://www.becil.com

# सीनियर ऑपरेशंस मैनेजर समेत 18 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए

एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड (एचआईटीईएस) ने 18 पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। इसके तहत सीनियर ऑपरेशंस मैनेजर और ऑपरेशंस मैनेजर के पद भरे जाएंगे। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार 10 अक्तूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सीनियर ऑपरेशंस मैनेजर, कुल पद : 09

(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्तियां)

- स्ट्रक्चरल — पद : 01

**योग्यता :** स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एमई/एमटेक की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही छह वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

- एचवीएसी — पद : 01

**योग्यता :** मेकैनिकल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही छह वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

- इलेक्ट्रिकल — पद : 01

**योग्यता :** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही न्यूनतम छह वर्ष का अनुभव हो।

- प्लंबिंग — पद : 01

योग्यता : सिविल या मेकैनिकल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही न्यूनतम छह वर्ष का अनुभव हो।

**आयु सीमा : (उपरोक्त सभी पद) :** अधिकतम आयु 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।

- एमईपी — पद : 05

**योग्यता :** इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री के साथ न्यूनतम छह वर्ष का अनुभव हो।

**वेतन (उपरोक्त सभी पद) :** 24,900 से 50,500 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम आयु 40 वर्ष से कम हो।

### ऑपरेशंस मैनेजर, कुल पद : 09

(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्तियां)

- बीएमई — पद : 02

**योग्यता :** बायोमेडिकल इंजीनियरिंग या इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीई/बीटेक की डिग्री के साथ तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

- क्वांटिटी सर्वेयर — पद : 02

**योग्यता :** सिविल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

- सिविल — पद : 05

**योग्यता :** सिविल इंजीनियरिंग में बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतन (उपरोक्त सभी पद) :** 20,600 से 46,500 रुपये।

**आयु सीमा : (उपरोक्त सभी पद) :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 01 सितंबर 2026 से होगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://hllhites.com

# संघ लोक सेवा आयोग लॉ ऑफिसर समेत 13 पदों पर नियुक्तियां करेगा

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 13 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके तहत जूनियर टेक्निकल ऑफिसर, लॉ ऑफिसर और स्पेशलिस्ट समेत अन्य पद भरे जाएंगे। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार 16 अक्तूबर 2026 को शाम 6 बजे तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### जूनियर टेक्निकल ऑफिसर (शुगर टेक्नोलॉजी), पद : 01

**योग्यता :** इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हो। शुगर टेक्नोलॉजी में एसोसिएटशिप या स्नातकोत्तर डिप्लोमा होना चाहिए। साथ ही तीन वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स में लेवल-10 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** ओबीसी वर्ग के लिए अधिकतम 38 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### असिस्टेंट लेजिस्लेटिव काउंसल (ग्रेड-IV), पद : 08

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से लॉ में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स में लेवल-11 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### लॉ ऑफिसर, पद : 03

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से एलएलबी की डिग्री होनी चाहिए। इसके साथ दो वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स में लेवल-7 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** अधिकतम 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### स्पेशलिस्ट ग्रेड-II (कार्डियोलॉजी), पद : 01

**योग्यता :** संबंधित विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। साथ ही तीन वर्ष का अनुभव आवश्यक है।

**वेतनमान :** पे मैट्रिक्स में लेवल-11 के अनुसार देय होगा।

**आयु सीमा :** ओबीसी वर्ग के लिए अधिकतम 48 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 16 अक्तूबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा में ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष, एसटी/एससी वर्ग को पांच वर्ष एवं दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट कर अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे।

**नोट :** भर्ती संबंधी अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक अधिसूचना जरूर देखें।

**आवेदन शुल्क**

- 25 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांगों और महिलाओं के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान क्रेडिट/डेबिट कार्ड/यूपीआई या इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा।

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://upsc.gov.in

# असिस्टेंट मैनेजर समेत 159 नियुक्तियां

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को लागू करने वाली संस्था फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) ने अलग-अलग विभागों में 159 पदों पर भर्ती निकाली है। इनमें असिस्टेंट मैनेजर से लेकर एग्जीक्यूटिव, सीनियर एग्जीक्यूटिव, मार्केटिंग ऑफिसर और फार्मासिस्ट जैसे पद शामिल हैं। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार इन पदों पर आवेदन करने के लिए संस्थान की वेबसाइट पर जाएं। वहां से आवेदन पत्र डाउनलोड करें और उसे भरकर संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी के साथ संस्थान के पते पर डाक या कूरियर से भेज दें। डाक से आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अक्तूबर 2026 कर दी गई है। पहले यह तिथि 24 सितंबर 2026 थी। भर्ती से संबंधित जानकारी इस प्रकार है....

## फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई)

**ध्यान दें**

**159 पद**

- आवेदन शुल्क : सभी वर्ग, लिंग और क्षेत्र के उम्मीदवारों को 100 रुपये शुल्क देय होगा। शुल्क का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 15 अक्तूबर 2026
- आधिकारिक वेबसाइट : https://www.pmbi.co.in
- हेल्पलाइन नंबर : 011-49431800

- असिस्टेंट मैनेजर — पद : 31

**योग्यता :** स्नातक, बीफार्मा, बीवीएससी एंड एएच, बीकॉम (ऑनर्स), कंप्यूटर साइंस में बीटेक/एमटेक, एमसीए या एलएलबी डिग्री धारक आवेदन के पात्र हैं। संबंधित क्षेत्र में पांच वर्ष काम करने का अनुभव हो।

- सीनियर एग्जिक्यूटिव — पद : 61

**योग्यता :** विभाग के अनुसार स्नातक, बीफार्मा, बीवीएससी एंड एएच, बीकॉम (ऑनर्स), एलएलबी या मास कम्युनिकेशन / जर्नलिज्म में स्नातक डिग्री धारक आवेदन कर सकते हैं। एमबीए, एमफार्मा, एलएलएम या कंप्यूटर साइंस में विशेषज्ञता/डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष काम करने का अनुभव हो।

- सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर — पद : 15

**योग्यता :** बीफार्मा / बीएससी (बायोटेक)/बीएससी (मेडिसिनल केमिस्ट्री) / बीएससी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री) की डिग्री हो। सेल्स एंड मार्केटिंग में एमबीए डिग्री धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष काम करने का अनुभव हो।

- सीनियर फार्मासिस्ट — पद : 06

**योग्यता :** बीफार्मा की डिग्री हो। एमफार्मा डिग्री वालों को वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष काम करने का अनुभव हो।

- एग्जिक्यूटिव — पद : 10

**योग्यता :** विभाग के अनुसार स्नातक, बी.कॉम, या कंप्यूटर साइंस में स्नातक/बीटेक डिग्री वाले उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।

- मार्केटिंग ऑफिसर — पद : 30

**योग्यता :** बीफार्मा / बीएससी (बायोटेक)/बीएससी (मेडिसिनल केमिस्ट्री) / बीएससी (फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री) की डिग्री हो। सेल्स एंड मार्केटिंग में एमबीए डिग्री धारक अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष काम करने का अनुभव हो।

- फार्मासिस्ट — पद : 06

**योग्यता :** बीफार्मा की डिग्री हो। एमफार्मा डिग्री वालों को वरीयता दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष काम करने का अनुभव हो।

**नोट :** विभाग के अनुसार रिक्तियों की जानकारी के लिए नोटिफिकेशन अवश्य देखें।

**वेतनमान :** सीनियर पदों पर 38,000 रुपये और अन्य पदों पर 32,500 रुपये प्रति माह। भत्ते भी मिलेंगे।

**आयु सीमा :** सीनियर पदों पर 30 वर्ष और अन्य पदों पर 28 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 03 सितंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

- अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

- स्क्रीनिंग, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर चयन किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- सभी वर्ग, लिंग और क्षेत्र के उम्मीदवारों को 100 शुल्क देय होगा। शुल्क का भुगतान डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से करना होगा।
- डिमांड ड्राफ्ट 'फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया' के पक्ष में देय होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई) की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.pmbi.co.in) पर जाएं।
- होमपेज पर CAREER के सेक्शन में Recruitment पर क्लिक करें।
- यहां पर अंतिम तिथि बढ़ने की जानकारी के लिए Corrigendum-2: Recruitment of various post in PMBI on contract basis (Advt. No.: 02/2026) के सामने संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर अंतिम तिथि की जानकारी ध्यान पूर्वक जांच लें। अब Recruitment of various post in PMBI on contract basis (Advt. No.: 02/2026) के नाम से दिख रहे नोटिफिकेशन के सामने संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- अगले पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड हो जाएगी। इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज के पेपर में इसका प्रिंट आउट निकाल लें।
- निर्धारित आवेदन फॉर्म को पूरी तरह और ध्यानपूर्वक भरें। फॉर्म में अपना नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता और कार्य अनुभव की सही जानकारी लिखें।
- आवेदन पत्र में रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ निर्धारित स्थान पर चिपका दें और नीचे अपना हस्ताक्षर कर दें।
- आवेदन पत्र के साथ नीचे दिए गए सभी दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित फोटोकॉपी लगाएं।
- इनमें दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र या जन्म प्रमाण पत्र, सभी वर्षों या सेमेस्टर की अंकतालिकाएं और डिग्री के प्रमाणपत्र, अनुभव प्रमाण पत्र जिनमें कुल अवधि स्पष्ट रूप से दर्ज हो को संलग्न करें। इन सभी के साथ डिमांड ड्राफ्ट को भी संलग्न करें।
- अब आवेदन पत्र को लिफाफे में भरकर पंजीकृत डाक या कूरियर के माध्यम से निर्धारित पते पर भेज दें।
- जिस लिफाफे में आवेदन भरकर भेजें, उसके ऊपर आवेदित पद का नाम अवश्य लिख दें।

### इस पते पर भेजें आवेदन

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), फार्मास्युटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेस ब्यूरो ऑफ इंडिया (पीएमबीआई), बी-500, टावर बी, 5वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029

# मध्य प्रदेश में स्नातक अप्रेंटिस के 22 पद रिक्त

मध्य प्रदेश विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड ने संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन, बिरसिंहपुर (मध्य प्रदेश) में स्नातक अप्रेंटिस के 22 पदों को भरने के लिए आवेदन मांगे हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा। इसके बाद आवेदन-पत्र भरकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां निर्धारित पते पर डाक के माध्यम से भेजनी होंगी। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 20 अक्तूबर 2026 है।

### स्नातक अप्रेंटिस, कुल पद : 22

**(ब्रांच के अनुसार रिक्तियां)**

- मेकेनिकल इंजीनियरिंग — पद : 08
- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग — पद : 08
- इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग — पद : 01

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उपरोक्त विषयों में इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिग्री होनी चाहिए।

- जनरल स्ट्रीम — पद : 05

**योग्यता :** बीफार्मा, बीसीए, बीए या बीकॉम में डिग्री हो।

**स्टाइपेंड :** उक्त सभी पदों के लिए 12,300 रुपये प्रतिमाह।

**आयु सीमा :** अप्रेंटिसशिप के निर्धारित नियमों के अनुसार।

**चयन प्रक्रिया :** संस्थान द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार।

**आवेदन शुल्क :** कोई शुल्क देय नहीं है।

### आवेदन प्रक्रिया

- मध्य प्रदेश विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट (mppgcl.mp.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर 'Career' विकल्प पर क्लिक करें।
- अब नए पेज पर 'DETAILED ADVERTISEMENT FOR INVITING APPLICATION FOR ENGAGEMENT OF GRADUATE AND...' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन की पीडीएफ फाइल खुलेगी। अब विज्ञापन की पीडीएफ डाउनलोड कर उसे अच्छी तरह पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- नोटिफिकेशन में आवेदन-पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 आकार के कागज पर इसका प्रिंटआउट निकाल कर भर लें। फिर आवेदन-पत्र एवं संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां डाक के माध्यम से निर्धारित पते पर भेज दें।

**इस पते पर भेजें आवेदन**

- अभियंता (प्रशिक्षण), संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन, म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, बिरसिंहपुर, जिला उमरिया (मप्र), पिन-484551

# डिजाइन इंजीनियर के पांच पदों पर फॉर्म भरें

जबलपुर स्थित गन कैरिज फैक्टरी ने डिजाइन इंजीनियर के पांच पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इनमें मेकेनिकल के चार और इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स का एक पद भरा जाएगा। भर्ती अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए की जाएगी, जिसे काम की जरूरत और अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 11 अक्तूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ संबंधित विषय में बीई/बीटेक की डिग्री हो। साथ ही पदानुसार सीएडी/सीएई/ईडीए, सर्किट डिजाइन सॉफ्टवेयर का कोर्स किया हो या समकक्ष योग्यता हो। संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष का अनुभव हो।

**वेतनमान :** 50,000 रुपये प्रति माह।

**आयु सीमा :** 21 से 35 वर्ष के बीच हो।

**चयन प्रक्रिया :** शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार, प्रायोगिक परीक्षा।

**आवेदन शुल्क :** 200 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। एसटी/ एससी दिव्यांग और महिलाओं के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**आधिकारिक वेबसाइट :** www.aweil.in

# एम्स देवघर को 25 असिस्टेंट प्रोफेसर चाहिए

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 25 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार इसकी आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर भरें और संबंधित दस्तावेजों के साथ ईमेल के माध्यम से संस्थान के पते पर भेज दें। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2026 है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद : 25

**(विभाग के अनुसार रिक्तियां)**

- एनेस्थीसियोलॉजी — पद : 01
- डर्मेटोलॉजी — पद : 01
- एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म — पद : 01
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी — पद : 01
- जनरल मेडिसिन — पद : 04
- मेडिकल ऑन्कोलॉजी/हेमेटोलॉजी — पद : 01
- नेफ्रोलॉजी — पद : 01
- न्यूक्लियर मेडिसिन — पद : 01
- फिजियोलॉजी — पद : 01
- रेडियोडायग्नोसिस — पद : 03
- सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी — पद : 01
- ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड ब्लड बैंक — पद : 01
- ट्रॉमा एंड इमरजेंसी-एनेस्थीसियोलॉज — पद : 02
- ट्रॉमा एंड इमरजेंसी-इमरजेंसी मेडिसिन — पद : 02
- ट्रॉमा एंड इमरजेंसी-जनरल सर्जरी — पद : 02
- ट्रॉमा एंड इमरजेंसी-ऑर्थोपिडिक्स — पद : 02

**योग्यता : मेडिकल उम्मीदवारों के लिए:** संबंधित विषय में एमडी/एमएस की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही तीन वर्ष का शिक्षण या शोध अनुभव जरूरी है।

- **सुपर स्पेशियलिटी के लिए:** संबंधित विषय में एमसीएच/डीएम की डिग्री होनी चाहिए। साथ ही एक वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।
- **गैर-चिकित्सा उम्मीदवारों के लिए:** संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री या पीएचडी हो। साथ ही तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 1,01,500 से 1,67,400 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम आयु 50 वर्ष हो। आयु की गणना 15 अक्तूबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

**शुल्क :** 3,000 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, ईडब्ल्यूएस, महिला और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए निशुल्क। शुल्क का भुगतान आरटीजीएस या एनईएफटी के माध्यम से करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले एम्स, देवघर की आधिकारिक वेबसाइट (http://aiimsdeoghar.edu.in/) पर जाएं।
- होमपेज पर jobs सेक्शन में advertisement पर क्लिक करें। नये पेज पर भर्ती से संबंधित कई विज्ञापन दिखाई देंगे। इनमें से Advertisement and Application form with Annexures for various posts under the 09th Rolling Phase 2 ... के आगे डाउनलोड पर क्लिक करें।
- नये पेज पर भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन खुल जाएगा। इसे ध्यानपूर्वक पढ़कर अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर आएं और नोटिस पर क्लिक करें। इसमें गूगल डॉक्यूमेंट में आवेदन पत्र का प्रारूप खुल जाएगा। इसका प्रिंट निकालें और इसमें जानकारियां दर्ज कर इसकी पीडीएफ बनाएं।
- अंत में आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संस्थान की ईमेल आईडी पर भेज दें।
- **इस ईमेल आईडी पर भेजें आवेदन पत्र :** facultyrecruitmentcell@aiimsdeoghar.edu.in

# आईटीबीपी में खेल कोटे से बनें कांस्टेबल

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) ने खेल कोटे के तहत कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी) के 126 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत पुरुषों के 72 और महिलाओं के 54 पद भरे जाएंगे। 01 जनवरी 2024 से 01 नवंबर 2026 की अवधि के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने या हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी ही आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 01 नवंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी)**

**ध्यान दें**

**126 पद**

- **आवेदन शुल्क : 100 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, महिलाओं और भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।**
- **ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 01 नवंबर 2026**
- **आधिकारिक वेबसाइट : https://itbpolice.nic.in**
- **हेल्पलाइन नंबर : 011-24369482, 011-24369483**

**कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), पद : 126**

**(खेल के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- एथलेटिक्स पद : 05 (पुरुष-03, महिला-02)
- एक्वाटिक/तैराकी पद : 04 (पुरुष-02, महिला-02)
- तीरंदाजी पद : 05 (पुरुष-01, महिला-04)
- बैडमिंटन पद : 06 (पुरुष-03, महिला-03)
- बास्केटबॉल पद : 03 (पुरुष-03, महिला-00)
- बॉक्सिंग पद : 09 (पुरुष-05, महिला-04)
- इक्वेस्ट्रियन/घुड़सवारी, पद : 01 (पुरुष-01)
- फुटबॉल पद : 02 (पुरुष-02, महिला-00)
- जिमनास्टिक पद : 06 (पुरुष-03, महिला-03)
- हैंडबॉल पद : 03 (पुरुष-03, महिला-00)
- आइस हॉकी पद : 06 (पुरुष-04, महिला-02)
- हॉकी पद : 03 (पुरुष-03, महिला-00)
- जुडो पद : 12 (पुरुष-04, महिला-08)
- खो-खो पद : 03 (पुरुष-01, महिला-02)
- पेंचक सिलेट पद : 04 (पुरुष-01, महिला-03)
- पावरलिफ्टिंग पद : 01 (पुरुष-01, महिला-00)
- सेंट्रल स्की पद : 08 (पुरुष-04, महिला-04)
- स्पोर्ट्स शूटिंग पद : 08 (पुरुष-04, महिला-04)
- टेबल टेनिस पद : 02 (पुरुष-02, महिला-00)
- तायक्वांडो पद : 07 (पुरुष-03, महिला-04)
- वॉलीबॉल पद : 06 (पुरुष-06, महिला-00)
- वेटलिफ्टिंग पद : 04 (पुरुष-04, महिला-00)
- कुश्ती पद : 05 (पुरुष-04, महिला-01)
- कैनोइंग पद : 03 (पुरुष-01, महिला-02)
- कायाकिंग पद : 03 (पुरुष-01, महिला-02)
- रोइंग पद : 01 (पुरुष-00, महिला-01)
- एमटीबी साइकिलिंग पद : 02 (पुरुष-01, महिला-01)
- कराटे पद : 04 (पुरुष-02, महिला-02)

**योग्यता :** 10वीं पास हो या समकक्ष योग्यता हो।

- उम्मीदवार ने अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय (सीनियर/जूनियर), इंटर-यूनिवर्सिटी या खेलो इंडिया (यूथ/विंटर/यूनिवर्सिटी) खेलों में हिस्सा लिया हो या पदक जीता हो। खेल मंत्रालय की मंजूरी के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया हो।
- राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप या राष्ट्रीय खेलों में पहला, दूसरा या तीसरा स्थान (पदक) प्राप्त किया हो।
- इंटर-यूनिवर्सिटी या खेलो इंडिया गेम्स (18 वर्ष से अधिक आयु श्रेणी/विंटर गेम्स) के फाइनल में पहला, दूसरा या तीसरा स्थान (पदक) हासिल किया हो।
- केवल 01 जनवरी 2024 से 01 नवंबर 2026 के बीच हासिल की गई खेल उपलब्धियां/पदक ही मान्य होंगे।

**वेतनमान :** 21,700 से 69,100 रुपये।

## आयु सीमा

- न्यूनतम 18 और अधिकतम 23 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 01 नवंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्गों को सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** शारीरिक परीक्षण, खेल कौशल, दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षण के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क**

- 100 रुपये। एससी/एसटी वर्ग, महिलाओं और भूतपूर्व सैनिकों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की आधिकारिक वेबसाइट (https://itbpolice.nic.in/) पर जाएं।
- होमपेज पर 'Recruitment' पर क्लिक करें। नए पेज पर आईटीबीपी की भर्ती से संबंधित वेबसाइट खुल जाएगी।
- यहां पर न्यूज के सेक्शन में व्यू ऑल न्यूज पर क्लिक करें। अब खुलने वाले पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन खुलकर आ जाएंगी।
- यहां पर DETAILED ADVERTISEMENT FOR RECRUITMENT OF MERITORIOUS SPORTSPERSONS TO THE POST OF CONSTABLE (GENERAL DUTY) UNDER... नोटिफिकेशन के आगे DETAILED... पर क्लिक करें।
- विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड हो जाएगा। पीडीएफ को खोलकर ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस आएं और 'न्यू यूजर रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें।
- अब रजिस्ट्रेशन फॉर्म में अपना नाम, ई-मेल, पासवर्ड और मोबाइल नंबर समेत मांगी गई सभी जानकारी दर्ज कर रजिस्ट्रेशन कर लें।
- सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन होने पर अभ्यर्थी के रजिस्टर्ड ई-मेल पर यूजर नेम और पासवर्ड आ जाएगा।
- अब होम पेज पर वापस आएं और लॉगइन पर क्लिक करें। यूजर ईमेल आईडी, पासवर्ड और कैप्चा भरकर लॉगइन कर लें। नए पेज पर आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- अब फॉर्म में अपनी व्यक्तिगत और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी जानकारियां दर्ज करें। इसके बाद पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को स्कैन करके अपलोड करें।
- ऑनलाइन फॉर्म भरने के दौरान प्राप्त लिंक से आवेदन शुल्क का भुगतान करें। अब आवेदन पत्र को पढ़कर जांच लें और अंत में आवेदन पत्र को सबमिट कर दें।

# कपूरथला के सैनिक स्कूल में छह पद रिक्त

सैनिक स्कूल कपूरथला ने छह पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इनमें लैब असिस्टेंट, कुक और कारपेंटर के पद शामिल हैं। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को संस्थान की वेबसाइट से आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा। इसके बाद आवेदन-पत्र भरकर दस्तावेजों की स्वप्रमाणित स्कैन कॉपी संस्थान के तय पते पर डाक से भेजनी होगी। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 10 अक्तूबर 2026 है।

- लैब असिस्टेंट (केमिस्ट्री) पद : 01
- लैब असिस्टेंट (फिजिक्स) पद : 01

**योग्यता:** केमिस्ट्री/फिजिक्स विषय के साथ 12वीं पास हो।

- संबंधित विषय को पढ़ाने में दक्षता।
- अंग्रेजी में धाराप्रवाह बातचीत करने की क्षमता।

**वेतनमान:** 40,000 रुपये।

**आयु सीमा:** न्यूनतम 21 और अधिकतम 35 वर्ष हो।

- कुक पद : 03
- कारपेंटर पद : 01

**योग्यता:** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास हो।

- पंजाबी और हिंदी भाषा की समझ।
- मिलिट्री या सैनिक स्कूल जैसे आवासीय स्कूल में काम करने का अनुभव हो।

**वेतनमान:** 18,000 रुपये।

**आयु सीमा:** न्यूनतम 18 और अधिकतम 50 वर्ष हो।

**आयु सीमा में छूट:** आयु सीमा की गणना 01 सितंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा में ओबीसी वर्ग को तीन वर्ष, एससी/एसटी वर्ग को पांच वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार और स्किल टेस्ट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 250 रुपये शुल्क देय है। डिमांड ड्राफ्ट प्रिंसिपल, सैनिक स्कूल कपूरथला के नाम पर देय होगा।

**वेबसाइट:** https://www.sskapurthala.com

**इस पते पर भेजें आवेदन पत्र**

- प्रिंसिपल, सैनिक स्कूल, कपूरथला, पंजाब - 144601

हेल्पलाइन नंबर : 07880085091

# बेसिल सरकारी अस्पतालों में ड्राइवर, किचन अटेंडेंट समेत 22 पद भरेगा

ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बेसिल) ने दिल्ली-एनसीआर स्थित केंद्रीय सरकारी अस्पताल में अनुबंध के आधार पर 22 पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत रेजिडेंशियल सुपरवाइजर, कुक, किचन अटेंडेंट और ड्राइवर के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी आधिकारिक आवेदन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अक्तूबर 2026 निर्धारित की गई है।

- रेजिडेंशियल सुपरवाइजर पद : 01

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक की डिग्री होनी। साथ ही न्यूनतम पांच वर्ष का कार्य अनुभव हो।

**वेतनमान :** 26,208 रुपये।

**आयु सीमा :** संस्थान के नियमानुसार तय होगी।

- कुक पद : 02

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास हो। संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव और खाद्य स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**वेतनमान :** 21,502 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

- किचन अटेंडेंट पद : 02

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं पास हो।

- किचन के काम का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**वेतनमान :** 21,502 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।

- ड्राइवर (बस/एंबुलेंस/ट्रक/भारी वाहन), पद : 17

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से 10वीं पास हो। भारी वाहन चलाने का वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो। मोटर मैकेनिज्म का ज्ञान और तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 26,208 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो। आयु की गणना 28 सितंबर 2026 को आधार मानकर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- योग्यता एवं अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

## आवेदन शुल्क

- 295 रुपये। एससी/एसटी वर्ग और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।
- **वेबसाइट:** https://www.becil.com
- **ईमेल आईडी :** Recruitment@becil.com

# डीआरडीओ के संस्थान में 24 पदों पर अप्रेंटिसशिप करने का सुनहरा मौका

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अंतर्गत रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान (डीआईपीआर) ने आईटीआई अप्रेंटिस की भर्तियां निकाली हैं। इसके तहत कुल 24 नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर भरें और संबंधित दस्तावेजों के साथ ईमेल के माध्यम से संस्थान के तय पते पर भेज दें। आवेदन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 13 अक्तूबर 2026 है।

**आईटीआई अप्रेंटिस, कुल पद : 24**

**(ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**

- स्टीवर्ड पद : 01
- डेस्क टॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर पद : 02
- सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट (इंग्लिश/हिंदी) पद : 02
- फोटोग्राफर, पद : 01
- कोपा पद : 14
- आईटी/आईटी ईएसएम (इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस) पद : 02
- मल्टीमीडिया एंड वेब पेज डिजाइनर पद : 02

**योग्यता :** संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण की हो। साथ ही एससीवीटी या एनसीवीईटी के तहत प्रमाणपत्र होना चाहिए।

**स्टाइपेंड :** 9,600 रुपये देय होगा। फोटोग्राफर और आईटी/ आईटी ईएसएम के पद पर 10,560 रुपये देय होगा।

**आयु सीमा :** अप्रेंटिसशिप नियमों के अनुसार होगा।

**चयन प्रक्रिया :** ट्रेड में आए अंकों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद साक्षात्कार किया जा सकता है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि 12 माह होगी।

**आवेदन शुल्क :** कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अभ्यर्थी (https://nats.education.gov.in) पर जाकर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर लें।
- फिर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की आधिकारिक वेबसाइट (https://drdo.gov.in) पर जाएं।
- अब 'Offerings' पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर DIPR, Delhi invites eligible candidates for the engagement of ITI ...पर क्लिक कर इसकी पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें और अच्छी तरह पढ़कर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। ए-4 साइज के पेपर पर इसका प्रिंटआउट निकाल कर आवेदन पत्र भर लें। अब भरे हुए आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित पीडीएफ निर्धारित मेल पर भेज दें।
- **इस ईमेल पर भेजें आवेदन : admindipr.dipr@gov.in**

## 1 बिहार में शिक्षकों की 32,388 रिक्तियां

**संस्थान :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)

**पद संख्या :** 32,388

**पदनाम :** प्राथमिक विद्यालय शिक्षक, उच्च माध्यमिक विद्यालय आदि।

**आवेदन शुल्क :** सभी वर्गों के लिए 100 रुपये देय होगा। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 26 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://bpsc.bihar.gov.in

## 2 सहायक अध्यापक की बंपर भर्तियां

**संस्थान :** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

**पद संख्या :** 12405

**पदनाम :** सहायक अध्यापक, सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी।

**आवेदन शुल्क :** 1,000 रुपये। एससी/एसटी वर्ग के लिए 500 रुपये और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये शुल्क देय है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 15 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://www.upessc.up.gov.in

## 3 एमपी में कांस्टेबल की 7500 भर्तियां होंगी

**संस्थान :** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी)

**पद संख्या :** 7500

**पदनाम :** कांस्टेबल।

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये। मध्य प्रदेश के एससी/ एसटी वर्ग, ओबीसी वर्ग और ईडब्ल्यूएस के लिए 250 रुपये देय है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 06 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://esb.mp.gov.in

## 4 एलडीसी समेत 2536 पदों पर बंपर अवसर

**संस्थान :** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)

**पद संख्या :** 2536

**पदनाम :** एलडीसी/जेएसए/डेटा एंट्री ऑपरेटर।

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/एसटी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://ssc.gov.in

## 5 यूपी में प्रवक्ता के 2607 पदों पर नियुक्तियां

**संस्थान :** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

**पद संख्या :** 2607

**पदनाम :** प्रवक्ता (पीजीटी)।

**आवेदन शुल्क :** 1500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग के लिए 750 रुपये और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये शुल्क देय है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 17 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://www.upessc.up.gov.in/

## 6 असिस्टेंट प्रोफेसर के 1936 पदों पर अवसर

**संस्थान :** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग

**पद संख्या :** 1936

**पदनाम :** असिस्टेंट प्रोफेसर।

**आवेदन शुल्क :** 2,000 रुपये। एससी/एसटी वर्ग के लिए 1,500 और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 1,000 रुपये शुल्क देय है। भुगतान ऑनलाइन होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://www.upessc.up.gov.in




## 7 राजस्थान को चाहिए 600 मेडिकल ऑफिसर

**संस्थान :** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस)

**पद संख्या :** 600

**पदनाम :** मेडिकल ऑफिसर।

**आवेदन शुल्क :** किसी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 13 अक्तूबर 2026

**ईमेल आईडी :** registrar@ruhsraj.org

**आधिकारिक वेबसाइट :** www.ruhsraj.org

## 8 इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा के लिए फॉर्म भरें

**संस्थान :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)

**पद संख्या :** 480

**पदनाम :** इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा।

**आवेदन शुल्क :** 200 रुपये। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 06 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://upsconline.gov.in

## 9 सर्वोच्च न्यायालय में 250 पद भरे जाएंगे

**संस्थान :** सर्वोच्च न्यायालय

**पद संख्या :** 250

**पदनाम :** जूनियर कोर्ट असिस्टेंट।

**आवेदन शुल्क :** 1500 रुपये। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग और दिव्यांगों के लिए 750 रुपये शुल्क देय है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 28 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** www.sci.gov.in

## 10 हिमाचल में मेडिकल ऑफिसर की रिक्तियां

**संस्थान :** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी)

**पद संख्या :** 228

**पदनाम :** मेडिकल ऑफिसर।

**आवेदन शुल्क :** सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए 25 रुपये देय। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 16 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://hppsc.hp.gov.in

## 11 यूपी में जूनियर इंजीनियर के 134 पद रिक्त

**संस्थान :** यूपीएसएसएससी

**पद संख्या :** 134

**पदनाम :** जूनियर इंजीनियर।

**आवेदन शुल्क :** सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए 25 रुपये देय। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** upsssc.gov.in

## 12 टेक्निशियन समेत 122 नियुक्तियां होंगी

**संस्थान :** मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड

**पद संख्या :** 122

**पदनाम :** अकाउंटेंट, असिस्टेंट, जूनियर ड्राइवर आदि।

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये। एससी/एसटी, दिव्यांग, पूर्व सैनिक और विभागीय अभ्यर्थियों को शुल्क देय नहीं है। भुगतान ऑनलाइन होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 11 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://mecl.co.in

## 13 टेक्निकल अटेंडेंट समेत के 110 पद भरे जाएंगे

**संस्थान :** केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई)

**पद संख्या :** 110

**पदनाम :** इंजीनियरिंग ऑफिसर, टेक्निशियन आदि।

**आवेदन शुल्क :** पदानुसार 700 और 1,000 रुपये शुल्क देय है। एससी/एसटी वर्ग, दिव्यांग, पूर्व सैनिक और महिला अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 12 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://cpri.res.in/en

## 14 जिम्स में स्टाफ नर्स के 100 पदों पर मौके

**संस्थान :** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स), ग्रेटर नोएडा

**पद संख्या :** 100

**पदनाम :** स्टाफ नर्स।

**आवेदन शुल्क :** 1,298 रुपये शुल्क देय होगा। एससी/एसटी के लिए 944 रुपये। उत्तर प्रदेश के सभी वर्गों के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** http://www.gims.ac.in

## 15 सुपरवाइजर के 90 पदों पर जल्द आवेदन करें

**संस्थान :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी)

**पद संख्या :** 90

**पदनाम :** सुपरवाइजर।

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये देय होगा। एससी/एसटी और दिव्यांगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 09 अक्तूबर 2026

**आधिकारिक वेबसाइट :** https://ncrtc.in

## 16 डीसीपीडब्ल्यू में सहायक समेत 61 पद रिक्त

**संस्थान :** पुलिस वायरलेस समन्वय निदेशालय (डीसीपीडब्ल्यू)

**पद संख्या :** 61

**पदनाम :** सहायक, सहायक संचार अधिकारी।

**आवेदन शुल्क :** कोई शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 10 नवंबर 2026

**हेल्पलाइन नंबर :** 011-24361589

**आधिकारिक वेबसाइट :** www.dcpw.gov.in

ध्यान दें हिन्दुस्तान जॉब सर्च के तहत प्रकाशित सूचनाएं विभिन्न स्रोतों से जुटाई जाती हैं। किसी भी भर्ती के लिए आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले इसकी पड़ताल कर लें।